▪ मार्गशीर्ष शुक्ल - 15 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 151 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 26-12-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 प्रधानमंत्री मोदी का 2024 में कोई विकल्प नहीं: अजित पवार

6 भाजपा की जीत का मंत्र बनी मोदी की गारंटी

7 'वन्स अपॉन ए ट्रिप टू दुबई' के जरिए दुबई की सैर कराएंगे अनिल कपूर

## फर्स्ट टेक

### पाकिस्तान हॉकी महासंघ को निलंबित कर सकता है एफआईएच

**कराची/भाषा।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) निलंबित कर सकता है क्योंकि कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर द्वारा पीएचएफ के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को उनके पूर्ववर्ती खालिद सज्जाद खोकर ने चुनौती दी है। खोकर 2015 से पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपनी बर्खास्तगी और मीर तारिक हुसैन बुगाटी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को चुनौती देंगे। खोकर ने कहा, ''मैं अदालत की शरण में जाऊंगा और जब तक यह असंवैधानिक और गैर कानूनी फैसला नहीं बदला जाता, तब तक हार नहीं मानूंगा। उन्होंने कहा, मैं टकराव से बचना चाहता था लेकिन मुझे अब आईओसी (अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति) और एफआईएच के पास जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### रूसी परमाणु पोत सेवमोर्पुट में लगी आग, पाया गया काबू

**मॉस्को/एपी।** रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि मरमंस्क के उत्तरी बंदरगाह में परमाणु ऊर्जा से चलने वाले एक कंटेनर जहाज और आइसब्रेकर में आग लग गई, हालांकि इस पर तुरंत काबू पा लिया गया। मंत्रालय ने 'टेलीग्राम' ऐप पर बयान में कहा कि आग रविवार देर रात सेवमोर्पुट जहाज के एक केबिन में लगी और लगभग 30 वर्ग मीटर क्षेत्र तक फैल गई। इसमें बताया गया कि शुरुआती जानकारी के करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ। बयान में यह खुलासा नहीं किया गया कि आग किस कारण लगी या यह जहाज के रिएक्टर के कितना करीब थी।

### ईरान की नौसेना ने अपने शस्त्रागार में अत्याधुनिक क्रूज मिसाइलें शामिल कीं

**दुबई/एपी।** ईरान की नौसेना ने रविवार को अपने शस्त्रागार में स्वदेश निर्मित अत्याधुनिक क्रूज मिसाइलें शामिल कीं। ईरान के सरकारी टीवी ने यह जानकारी दी। टीवी ने बताया कि तलाइह और नासिर क्रूज मिसाइलें राजधानी तेहरान से लगभग 1,400 किलोमीटर (850 मील) दक्षिण-पूर्व में दक्षिणी ईरानी बंदरगाह कोणार्क में हिंद महासागर के पास एक नौसैनिक अड्डे पर पहुंचीं। नौसेना प्रमुख एडमिरल शाहराम ईरानी ने बताया कि तलाइह की मारक क्षमता 1,000 किलोमीटर (620 मील) से अधिक है और यह दागे जाने के बाद लक्ष्य बदलने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि नासिर की मारक क्षमता 100 किलोमीटर (62 मील) है।

| 26-12-2023 सूर्यास्त 6:01 बजे | 27-12-2023 सूर्योदय 6:39 बजे |
|---|---|
| **BSE** 71,106.96 (+241.86) | **NSE** 21,349.40 (+94.35) |
| **सोना** 6,487 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | **चांदी** 76,850 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**सुनो दहशतगर्दों...**

किसकी दुआई देकर ये,
कत्लेआम कर रहे हो।
सारी दुनिया का ही,
जीना हराम कर रहे हो।
वो कौनसा फलसफा है,
जिस पर काम कर रहे हो।
आखिर दीनों मजहब को,
क्यों बदनाम कर रहे हो।।

# गरीबों व वंचितों तक भी पहुंच रहा है विकास का लाभ : मोदी

## ईसाई समुदाय के साथ मेरा बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को क्रिसमस के मौके पर अपने आधिकारिक आवास पर ईसाई समुदाय के लोगों से संवाद किया और कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का फायदा हर किसी तक पहुंचे और कोई इससे अछूता ना रहे। उन्होंने कहा, ईसाई समुदाय के लोगों तक, विशेषकर गरीबों और वंचितों तक भी आज देश में हो रहे विकास का लाभ पहुंच रहा है।

प्रधानमंत्री ने मत्स्य पालन मंत्रालय बनाए जाने के अपने कदम को याद करते हुए कहा कि ईसाई समुदाय ने इसकी सार्वजनिक रूप से सराहना की थी और उनका सम्मान भी किया था। उन्होंने कहा, क्रिसमस के इस अवसर पर मैं देश के क्रिश्चियन समुदाय के लिए एक बात जरूर कहूंगा। देश के लिए आपके योगदान को भारत गर्व से स्वीकार करता है। ईसाई समुदाय ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में ईसाई समुदाय के कई विचारक भी शामिल थे जिनमें एक थे स्टीफंस कॉलेज सुशील कुमार रुद्र, जिनके बारे में स्वयं महात्मा गांधी ने बताया था कि असहयोग आंदोलन की प्रेरणा उन्हीं की छत्रछाया में प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा, ईसाई समुदाय ने समाज को दिशा देने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज सेवा में यह समुदाय बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। गरीब और वंचितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज भी पूरे भारत में ईसाई समुदाय के संस्थान बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं।

## श्रद्धांजलि




देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज 99वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राजघाट के समीप दिवंगत नेता की समाधि सदैव अटल पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभाध्यक्ष के अलावा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, अनुराग ठाकुर समेत मंत्रियों, सांसदों और विभिन्न देशों के राजदूतों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर भजन गायन किया गया। देश में पूर्व प्रधानमंत्री के जन्म जयंती को सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

# अटल जी के विचार सुशासन की नींव हैं, जो हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राज्य के कई प्रमुख नेताओं ने 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा, अटल जी के विचार सुशासन की नींव हैं, जो हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह अपने सहयोगियों के साथ 'लोकभवन' में वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे।

लोक भवन प्रांगण में मुख्यमंत्री योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को याद करते हुए कहा, अटल जी भारत की राजनीति के 'अजातशत्रु' थे और उन्होंने भारत की राजनीतिक अस्थिरता को उभारने के साथ देश के अंदर राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान स्थापित किया था।

### हमारा मान-सम्मान संस्कृति से जुड़े रहने पर



**हरिद्वार/वार्ता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि हमारा मान-सम्मान हमारी संस्कृति से जुड़े रहने पर ही है, जिसके लिये हमारे साधु-सन्तों का हमें पूरा सहयोग मिलता है। सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तराखंड के कनखल स्थित हरिहर आश्रम में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज के आचार्य पीठ पर पदस्थापन के 25 वर्ष पूर्ण होने एवं श्री दत्त जयंती के अवसर पर आयोजित आध्यात्मिक महोत्सव में प्रतिभाग किया।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने तीन नए आपराधिक न्याय विधेयकों को स्वीकृति दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद द्वारा गत सप्ताह पारित किए गए तीन नए आपराधिक न्याय विधेयकों को सोमवार को स्वीकृति प्रदान कर दी।

तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून औपनिवेशिक काल के तीन कानूनों भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे।

संसद में तीनों विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि इन विधेयकों का उद्देश्य पूर्ववर्ती कानूनों की तरह दंड देने का नहीं बल्कि न्याय मुहैया कराने का है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों और उनकी सजा को परिभाषा देकर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव लाना है।

इनमें आतंकवाद की स्पष्ट परिभाषा दी गई है, राजद्रोह को अपराध के रूप में खत्म कर दिया गया है और ''राज्य के खिलाफ अपराध'' शीर्षक से एक नया खंड जोड़ा गया है।

# मप्र में राज्यपाल ने 28 मंत्रियों को शपथ दिलाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**भोपाल/भाषा।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने सोमवार को राजभवन में एक समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल के 28 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ लेने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व सांसद राकेश सिंह और उदय प्रताप सिंह शामिल हैं।

अधिकारी ने कहा कि 28 मंत्रियों में से 18 कैबिनेट रैंक के हैं, छह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं और चार राज्य मंत्री हैं।

विजय शाह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, करण सिंह वर्मा, राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह, संपतिया उइके, तुलसीराम सिलावट, ऐदल सिंह कंसाना, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, निर्मला भूरिया, नारायण सिंह कुशवाहा, नागर सिंह चौहान, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला, चैतन्य कश्यप और इंदर सिंह परमार ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

वहीं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर, धर्मेंद्र भाव लोधी, दिलीप जयसवाल, गौतम टेटवाल, लाखन पटेल और नारायण सिंह पवार हैं।

अधिकारी ने बताया कि राज्य मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायकों में नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, दिलीप अहिरवार और राधा सिंह शामिल हैं। यादव के मंत्रिमंडल में दो कैबिनेट रैंक संपतिया उइके और निर्मला भूरिया तीन राज्य मंत्री कृष्णा गौर, प्रतिमा बागरी और राधा सिंह समेत कुल पांच महिलाओं को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री (मोहन यादव) और दो उपमुख्यमंत्रियों (राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा) सहित मंत्रिमंडल की कुल संख्या अब 31 हो गई है। 230 विधायकों वाले मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री सहित मंत्रिपरिषद की अधिकतम संख्या 35 हो सकती है।

# कोरोना वायरस के उप-स्वरूप जेएन.1 के 63 मामले पाए गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में रविवार तक कोरोना वायरस के उप-स्वरूप 'जेएन.1' के 63 मामले सामने आए जिनमें से 34 मामले गोवा में पाए गए। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र से नौ, कर्नाटक से आठ, केरल से छह, तमिलनाडु से चार और तेलंगाना में दो मामले सामने आए हैं।

नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वी के पॉल ने पिछले हफ्ते कहा था कि भारत में वैज्ञानिक समुदाय कोरोना वायरस के नए उप-स्वरूप की बारीकी से पड़ताल कर रहा है और राज्यों को परीक्षण बढ़ाने तथा अपनी निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने की आवश्यकता है।

अधिकारियों ने कहा था कि भले ही मामलों की संख्या बढ़ रही है और देश में 'जेएन.1' उप-स्वरूप का पता चला है, लेकिन तत्काल चिंता का कोई कारण नहीं है क्योंकि संक्रमित लोगों में से 92 प्रतिशत लोग घर में रहकर ही उपचार का विकल्प चुन रहे हैं, जिससे पता चलता है कि नए उप-स्वरूप के लक्षण हल्के हैं। उन्होंने कहा था कि अस्पताल में भर्ती होने की दर में भी कोई वृद्धि नहीं हुई है और अन्य चिकित्सकीय स्थितियों के कारण अस्पताल में भर्ती होने वालों में कोविड-19 पाया जाना आकस्मिक मामला है।

### महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे कोरोना वायरस से संक्रमित

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को यह जानकारी दी। पवार ने संवाददाताओं से कहा कि कोविड-19 से घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, मेरे एक कैबिनेट सहयोगी - धनंजय मुंडे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। हालांकि, प्रशासन राज्य में सावधानी बरत रहा है और इसके प्रसार को रोकने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### पुंछ में तीन नागरिकों की मौत

## सेना ने 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' शुरू की

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हालिया आतंकवादी हमले में तीन सैनिकों के शहीद होने के बाद सुरक्षा बल द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए तीन नागरिकों की मौत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद सेना ने 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' शुरू की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए सेना ने एक ब्रिगेडियर स्तर के अधिकारी का तबादला कर दिया गया और 48 राष्ट्रीय राइफल्स के तीन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हिरासत में आम नागरिकों को यातना दिए जाने के आरोप लगे, जिसके बाद जनता में आक्रोश देखने को मिला। इक्कीस दिसंबर को पुंछ के सुरनकोट इलाके में ढेरा की गली और बफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों के वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में तीन सैनिकों की जान चली गई। हमले के बाद सेना ने 27 से 42 वर्ष की आयु के तीन आम नागरिकों को पूछताछ के लिए कथित तौर पर हिरासत में लिया था ।

# नेतन्याहू ने गाजा में सैन्य अभियान का विस्तार करने का लिया संकल्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**काहिरा/एपी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास के खिलाफ जारी उसके युद्ध को रोकने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के बावजूद इजराइली सेना आने वाले दिनों में गाजा क्षेत्र में जमीनी हमला विस्तारित करेगी।

नेतन्याहू ने अपनी लिकुड पार्टी के सदस्यों को सोमवार को संबोधित करते हुए कहा, युद्ध अभी खत्म होने के करीब नहीं है। उन्होंने गाजा में हमास के खिलाफ जारी युद्ध में हिस्सा लेने वाले इजराइली सैनिकों से मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। नेतन्याहू ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब इजराइल-हमास युद्ध को खत्म करने के लिए मिस्र एक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव पेश कर रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, हम रुक नहीं रहे हैं। हम लड़ाई जारी रखे हुए हैं और आने वाले दिनों में हम इस लड़ाई का विस्तार करेंगे। यह एक लंबी लड़ाई होगी और यह खत्म होने के करीब नहीं है।

# छठी कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद खुश होने के बजाय दुखी हैं अफगानिस्तान में छात्राएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**काबुल/एपी।** साल भर पढ़ाई करने के बाद किसी कक्षा में उत्तीर्ण होना आमतौर पर छात्रों के लिए खुशी का सबब होता है लेकिन अफगानिस्तान में स्थिति इसके विपरीत है जहां तालिबान के दमनकारी शासन में रह रही छात्राएं छठी कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आगे नहीं पढ़ सकतीं।

अफगानिस्तान की बहारा रुस्तम (13) काबुल स्थित बीबी रजिया स्कूल में 11 दिसंबर को आखिरी बार स्कूल गई। उसे पता है कि उसे अब आगे पढ़ने का अवसर नहीं दिया जाएगा। तालिबान के शासन में वह फिर से कक्षा में कदम नहीं रख पाएगी।

दो दशक तक चले युद्ध के बाद अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के बलों के सितंबर 2021 में अफगानिस्तान से लौटने के एक महीने पश्चात तालिबान ने घोषणा की कि लड़कियों के छठी कक्षा से आगे पढ़ने पर प्रतिबंध होगा। महिलाओं के लिए दमनकारी तालिबानी कदमों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आलोचना हुई और तालिबान को चेतावनी दी गई है कि इस प्रकार के प्रतिबंधों के कारण उसके लिए देश के वैध शासक के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त करना लगभग असंभव हो जाएगा। इसके बावजूद तालिबान महिलाओं पर लगातार प्रतिबंध लगा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत रोजा ओटुनबायेवा ने पिछले हफ्ते चिंता व्यक्त की थी कि अफगान लड़कियों की एक पीढ़ी हर रोज पिछड़ती जा रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पंडित मदन मोहन मालवीय की रचनाओं के 11 खंडों की पहली श्रृंखला का विमोचन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय की संकलित रचनाओं के 11 खंडों की प्रथम श्रृंखला का विमोचन किया और कहा कि उनके जैसे व्यक्तित्व सदियों में एक बार जन्म लेते हैं तथा आने वाली कई सदियां उनसे प्रभावित होती हैं। महामना मालवीय की 162वीं जयंती के अवसर पर यहां स्थित विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की कितनी ही पीढ़ियों पर महामना का ऋण है। वो शिक्षा और योग्यता में उस समय के बड़े से बड़े विद्वानों की बराबरी करते थे। वो आधुनिक सोच और सनातन संस्कारों का संगम थे।

मोदी ने कहा कि पंडित मालवीय जिस भूमिका में रहे, उन्होंने 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को सर्वोपरि रखा और इसके लिए बड़ी से बड़ी ताकत से टकराए तथा मुश्किल से मुश्किल माहौल में भी देश के लिए संभावनाओं के नए बीज बोए। उन्होंने कहा कि यह उनकी ही सरकार का सौभाग्य है कि उन्हें 'भारत रत्न' दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए पंडित मालवीय एक और वजह से बहुत खास हैं क्योंकि उनकी ही तरह उन्हें भी काशी की सेवा का मौका मिला। उन्होंने कहा, मेरा ये भी सौभाग्य है कि 2014 में चुनाव लड़ने के लिए जब मैंने नामांकन भरा, तो प्रस्तावकों में मालवीय जी के परिवार के सदस्य भी थे।

आजादी के 'अमृतकाल' में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाने और अपनी विरासत पर गर्व करने के सरकार के अभियान का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यों में भी कहीं न कहीं पंडित मालवीय के विचारों की महक महसूस होगी।

ये द्विभाषी रचनाएं (अंग्रेजी और हिंदी) 11 खंडों में लगभग 4,000 पृष्ठों में हैं, जो देश के हर कोने से एकत्र किए गए पंडित मदन मोहन मालवीय के लेखों और भाषणों का संग्रह है। इन खंडों में उनके अप्रकाशित पत्र, लेख और ज्ञापन सहित भाषण, वर्ष 1907 में उनके द्वारा शुरू किए गए हिंदी साप्ताहिक 'अभ्युदय' की संपादकीय सामग्री, समय-समय पर उनके द्वारा लिखे गए लेख, पैम्फलेट एवं पुस्तिकाएं शामिल हैं।

इसमें वर्ष 1903 और वर्ष 1910 के बीच आगरा और अवध के संयुक्त प्रांतों की विधान परिषद में दिए गए उनके सभी भाषण, रॉयल कमीशन के समक्ष दिए गए वक्तव्य, वर्ष 1910 और वर्ष 1920 के बीच इंपीरियल विधान परिषद में विभिन्न विधेयकों को प्रस्तुत करने के दौरान दिए गए भाषण, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना से पहले और उसके बाद लिखे गए पत्र, लेख एवं भाषण तथा वर्ष 1923 से लेकर वर्ष 1925 के बीच उनके द्वारा लिखी गई एक डायरी शामिल है।



## धामी ने जम्मूकश्मीर में मारे गए सेना के जवानों को श्रद्धांजलि दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हाल में जम्मूकश्मीर के पुंछ जिले में सेना के वाहन पर हुए आतंकी हमले में मारे गए उत्तराखंड के दो जवानों के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने यहां जॉलीग्रांट हवाई अडडे पर पहुंच कर कोटद्वार निवासी राइफलमैन गौतम कुमार और चमोली के वीरेन्द्र सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने गौतम कुमार और वीरेन्द्र सिंह के परिजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और दु:ख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले हमारे इन शहीदों को देश हमेशा याद रखेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर पल सैनिक परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र रक्षा के लिए हमारे जवानों द्वारा दिया गया बलिदान सदैव हम सभी को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। जवानों के पार्थिव शरीरों को उनके गांव पहुंचाया जाएगा जहां उनका पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## मुंबई : मॉल में 25 से 30 मोटरसाइकिलें आग में जलकर हुईं खाक, कोई हताहत नहीं

**मुंबई/भाषा।** मुंबई के लोअर परेल इलाके में स्थित फीनिक्स मॉल में सोमवार को 25 से 30 मोटरसाइकिलें आग में जलकर खाक हो गईं, हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। नगर निकाय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि परिसर में अपराह्न एक बजकर 15 मिनट पर आग लगी, जिसे एक बजकर 40 मिनट पर बुझा दिया गया। उन्होंने बताया, 'दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही वहां मौजूद लोगों ने पानी के इस्तेमाल से आग को बुझा दिया था। दमकल की एक गाड़ी को आग बुझाने के लिए भेजा गया था। आग के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

## वाजपेयी सुशासन के प्रतीक थे: जयराम ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सोमवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन के प्रतीक थे। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता ठाकुर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आज सेवा, सुशासन और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए वाजपेयी के दिखाए रास्ते पर चल रही है।

वाजपेयी की जयंती पर यहां आयोजित 'सुशासन दिवस' कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए ठाकुर ने रिज में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और शिमला के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वाजपेयी सरकार ने अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और विकास को सुनिश्चित करने) की विचारधारा का पालन करके सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित किए थे।



विपक्ष के नेता ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार, वाजपेयी सरकार ने 1999 में अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए एक अलग जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना की थी और 2003 में अनुसूचित जनजाति के लिए एक राष्ट्रीय आयोग का गठन किया।

## जम्मू कश्मीर में लक्षित हत्याओं में शामिल लोगों को जल्द न्याय के कठघरे में लाया जाएगा : भाजपा



**श्रीनगर/भाषा।** भाजपा नेता अशोक कौल ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की हत्या की सोमवार को निंदा की और कहा कि घाटी में निशाना बनाकर की गई हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जल्द ही न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। कौल ने यह भी कहा कि वह इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि केंद्र शासित प्रदेश में जब भी विधानसभा होंगे उन चुनावों में भाजपा 50 से ज्यादा सीटें जीतेगी। यहां पार्टी के एक कार्यक्रम में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा, 'मैं आश्वस्त हूं कि हमारा प्रशासन इस तरह की घटनाओं को अंजान देने वाले लोगों को खोज निकालेगा और उन्हें न्याय के कठघरे में लाएगा। हम निशाना बनाकर की गई हत्याओं की निंदा करते हैं, जिस पर प्रशासन जल्द ही लगाम लगाएगा और इस तरह के हमलों को अंजाम देने वाली ताकतें आपको दिखाई नहीं देंगी। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह 'अजान' के लिए गए सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद शफी मीर की हत्या को किसी भी धर्म में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कौल ने कहा, 'बारामूला में अधिकारी की हत्या हुई। अजान के लिए मस्जिद जाते हुए उनकी हत्या की गई। इस तरह से किसी की भी हत्या को किसी भी धर्म में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और यह निंदनीय है।

## चिकित्सा उपकरण क्षेत्र स्वास्थ्य जगत का आवश्यक अंग: मांडविया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि चिकित्सा उपकरण क्षेत्र स्वास्थ्य जगत का एक महत्वपूर्ण घटक है और भारत 2047 तक अपने स्वास्थ्य परिदृश्य को बदलने के दृष्टिकोण के साथ समग्र प्रयास कर रहा है।

मांडविया ने यहां 'मेडटेक मित्र: ए स्ट्रेटेजिक इनीशियेटिव टू इम्पॉवर मेडटेक इनोवेटर्स एंड एडवांस हेल्थकेयर सॉल्यूशन्स' का उद्घाटन ऑनलाइन तरीके से करते हुए यह बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'मेडटेक मित्र' एक ऐसा मंच है जिससे देश की युवा प्रतिभाओं को अपने अनुसंधान, ज्ञान आदि को अंतिम आकार देने में मदद मिलेगी। मांडविया ने कहा, चिकित्सा उपकरण क्षेत्र भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र का महत्वपूर्ण और अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य को लेकर समग्र सोच अपना रहा है जिसमें देश में स्वास्थ्य परिदृश्य में 2047 तक बदलाव लाना है।

चिकित्सा उपकरण क्षेत्र की प्रगति को रेखांकित करते हुए मांडविया ने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत 2030 तक 50 अरब डॉलर का उद्योग बन जाएगा।

## पंजाब में हिरण का शिकार करने के आरोप में तीन लोगों पर मामला दर्ज

**होशियारपुर/भाषा।** पंजाब के होशियारपुर जिले में गढ़शंकर के वन क्षेत्र में स्थित हाजीपुर गांव में एक हिरण का शिकार करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

गढ़शंकर की पुलिस ने बिलरोन गांव के विक्की, रवि कुमार और साहिल के खिलाफ मामला दर्ज किया है तथा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं। वन रेंज अधिकारी (वन्यजीव प्रभाग, गढ़शंकर) राजपाल ने कहा कि तीनों ने कथित तौर पर वन क्षेत्र में एक मंदिर के पास कुत्तों के साथ एक हिरण का शिकार किया।

वन्यजीव विभाग की एक टीम ने रविवार को घटनास्थल से एक हिरण और एक कुत्ता (पिटबुल) का शव बरामद किया। पुलिस ने कहा कि शिकारी भागने में कामयाब हो गए। मामले की जांच जारी है।

## केरल में उत्साह के साथ मनाया गया क्रिसमस का त्योहार

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में ईसाई समुदाय ने सोमवार को उत्साह के साथ क्रिसमस मनाया और राज्य भर के गिरजाघरों में मध्यरात्रि के समय सामूहिक प्रार्थना सभा आयोजित कर उत्सव की भावना का संचार किया। कार्डिनल मार बेसिलियोस क्लेमिस ने जहां राज्य की राजधानी में सिरो मलंकारा कैथोलिक चर्च के सेंट मैरी कैथेड्रल में मध्यरात्रि की सामूहिक प्रार्थना का नेतृत्व किया, वहीं तिरुवनंतपुरम में लैटिन कैथोलिक आर्चडीओसीज़ के आर्कबिशप थॉमस जेसैयान नेट्टो ने यहां पलायम में सेंट जोसेफ मेट्रोपॉलिटन कैथेड्रल में सामूहिक प्रार्थना का नेतृत्व किया।

उनके अलावा, वेरापोली के लैटिन कैथोलिक आर्चडीओसीज़ के आर्कबिशप जोसेफ कलाथिपराम्बिल ने सेंट फ्रांसिस असीसी चर्च में और कुरिया बिशप सेबेस्टियन वानियापुरक्कल ने कोच्चि में सामूहिक प्रार्थना कराई। कुरिया बिशप सेबेस्टियन वानियापुरक्कल सिरो-मालाबार चर्च के एर्नाकुलम-अंगामाली आर्कपर्ची के प्रशासक भी हैं। अपने क्रिसमस संदेशों में, कुछ बिशप और पादरियों ने दुनिया में युद्धों और संघर्षों सहित विभिन्न मुद्दों का उल्लेख किया। उन्होंने युवा कांग्रेस और केरल स्टूडेंट्स यूनियन (केएसयू) के कार्यकर्ताओं पर कथित डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं के हमले को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन द्वारा ''बचाव का प्रयास'' करार दिए जाने का भी जिक्र किया। नेट्टो ने अपने क्रिसमस संदेश में कहा, हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां बचाव प्रयासों को एक नई परिभाषा दी जा रही है।



## सेमीकंडक्टर नीति आत्मनिर्भरता के लिए गुजरात की प्रतिबद्धता को साकार करने में मददगार : भूपेन्द्र पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि 'गुजरात सेमीकंडक्टर नीति' आत्मनिर्भर भारत और गुजरात बनाने की राज्य की प्रतिबद्धता को पूरा करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति प्रौद्योगिकी तथा विनिर्माण की दुनिया में भविष्य के लिए मंच तैयार कर रही है और गुजरात को 'सेमीकंडक्टर पावरहाउस' में बदलने में मददगार होगी।

राज्य सरकार के अनुसार, चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी का अहमदाबाद के पास साणंद में 2.75 अरब डॉलर का संयंत्र स्थापित करने का निर्णय गुजरात की सेमीकंडक्टर नीति की सफलता को दर्शाता है। नीति के तहत, राज्य सरकार अहमदाबाद के पास 'धोलेरा सेमीकॉन सिटी' स्थापित करेगी। वहां पात्र परियोजनाओं को विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जाएगी। गुजरात की राजधानी में 10 जनवरी से आयोजित होने वाले 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' के 10वें संस्करण से पहले यह बात कही है। शिखर सम्मेलन समावेशी वृद्धि और सतत विकास के लिए व्यापार सपंर्क, ज्ञान साझा करने और रणनीतिक साझेदारी का अवसर प्रदान करने वाला एक मंच है।

गुजरात सरकार ने साणंद में सेमीकंडक्टर असेंबली तथा परीक्षण सुविधा स्थापित करने के लिए माइक्रोन टेक्नोलॉजी के साथ इस साल जून में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे।

मुख्यमंत्री पटेल ने कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से गुजरात एक नीति-संचालित राज्य के रूप में उभरा है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हमने देश की पहली सेमीकंडक्टर नीति लागू की है। यह नीति आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर गुजरात के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूरा करेगी।

## कच्चे तेल का रुपए में पहला भुगतान यूएई को, दूसरे देशों से भी कोशिश: अधिकारी

**नई दिल्ली/भाषा।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से खरीदे गए कच्चे तेल के लिए भारत ने रुपए में पहला भुगतान कर अपनी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने कहा है कि भारत अन्य तेल आपूर्तिकर्ता देशों के साथ भी इसी तरह के रुपया भुगतान सौदों की कोशिश में लगा हुआ है। लेकिन इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लागू करना एक प्रक्रिया है और इसके लिए कोई लक्ष्य नहीं रखा गया है।

अपनी 85 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आयात पर निर्भर है। इसके लिए उसे बड़े पैमाने पर डॉलर में भुगतान करना होता है। लेकिन पिछले साल से भारत ने तेल की खरीद का भुगतान डॉलर के बजाय रुपए में करने की व्यवस्था शुरू की है और इस दिशा में रिजर्व बैंक ने भी जरूरी कदम उठाए हैं।

इस दिशा में भारत ने जुलाई में यूएई के साथ रुपए में भुगतान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से 10 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद का भुगतान भारतीय रुपए में किया है।

## लोग 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को वोट देने के लिए संकल्पित : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि लोग 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वोट देने के लिए संकल्पित हैं।

वह एक चुनाव पूर्व सर्वेक्षण के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। सर्वेक्षण में कहा गया है कि महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कई सीट का नुकसान हो सकता है और विपक्ष अगले साल के आम चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगा। फडणवीस ने कहा, वर्तमान में, केवल मोदी जी का नाम हवा में है। लोग केवल मोदी जी को वोट देने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा, हम (महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से) 40 से अधिक सीटें जीतेंगे।

हाल ही में, महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी मोदी की प्रशंसा की थी और कहा था कि प्रधानमंत्री सभी विरोधियों पर भारी पड़ते हैं।

## अनुशासन सुशासन का स्तंभ: मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था को बदलने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए सोमवार को कहा कि वह अनुशासन को सुशासन का स्तंभ मानते हैं। पंचकूला में 'सुशासन दिवस' पर एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सुशासन का मूल मंत्र यही है कि लोग आसानी से घर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, खट्टर ने कहा कि वाजपेयी के नेतृत्व में ही देश ने ''पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक'' प्रगति देखी। उन्होंने कहा कि सड़क संपर्क को बढ़ावा देने की पहल वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान शुरू हुई थी, जिसे सुशासन का एक मॉडल माना जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सुशासन का सफर ''2014 में शुरू हुआ, जिसके परिणामस्वरूप सरकार और इसकी सेवाओं के प्रति लोगों में विश्वास कायम हुआ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2014 में हरियाणा में पहली बार अपने दम पर सरकार बनाई थी।

उसने कहा कि वाजपेयी ने अपने कार्यकाल के दौरान बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना जैसी परियोजनाएं शुरू की थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से इस विरासत को जारी रखा है, कई पहलों के माध्यम से इसे सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है और विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की है, जिसका उद्देश्य सूचना का प्रसार करना और सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना है।

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च का दौरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने क्रिसमस के मौके पर सोमवार को राजधानी स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च का दौरा किया और ईसा मसीह को मानवता के लिए प्रेरणा बताया। नड्डा ने कैथेड्रल में वरिष्ठ पादरियों से मुलाकात की। नड्डा के इस कदम को ईसाई समुदाय के बीच भाजपा की पैठ बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ईस्टर पर इसी कैथेड्रल का दौरा किया था।



भाजपा अध्यक्ष ने अपने दौरे के बाद कहा कि ईसा मसीह ने अपना जीवन शांति और सद्भाव के लिए समर्पित कर दिया और वह मानवता के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि आज क्रिसमस के पवित्र अवसर पर इस चर्च की यात्रा करने का मौका मिला। हमने ईसा मसीह का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि ईसा मसीह का जीवन पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता को समर्पित कर दिया। नड्डा ने कहा कि सभी को ईसा मसीह की शिक्षाओं, उपदेशों और मानवता के लिए योगदान से प्रेरणा लेनी चाहिए।

प्रार्थना



बेंगलूरु में सोमवार को ईसाईयों ने शिवाजीनगर में सेंट मैरी बेसिलिका में क्रिसमस प्रार्थना की।

# कर्नाटक में कथित खाद्य विषाक्तता के कारण एक महिला की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में बेंगलूरु ग्रामीण क्षेत्र के होसकोटे में खाद्य विषाक्तता के एक संदिग्ध मामले में एक महिला की मौत हो गई जबकि 70 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उन्हें संदेह है कि खाद्य विषाक्तता का कारण इलाके में एक पूजा स्थल पर चढ़ाया गया खाद्य पदार्थ है। पुलिस के मुताबिक अस्पताल में भर्ती हुए लोगों में से कुछ को छुट्टी दे दी गई है जबकि अन्य का अब भी इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

उन्होंने बताया कि इसके खाद्य विषाक्तता का मामला होने का संदेह है, जांच प्रारंभिक चरण में है इसलिए फिलहाल सटीक कारण का पता नहीं लगाया जा सकता है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि शनिवार को उनमें से अधिकांश होसकोटे शहर के एक मंदिर में गए थे जहां उन्होंने 'प्रसाद' खाया था। एक दिन बाद उनमें से कुछ लोगों को पेचिश और उल्टी की शिकायत हुई जिसके बाद वे इलाज के लिए अस्पतालों में पहुंचे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन्हीं लक्षणों की शिकायत करने वाली एक महिला को रविवार अपराह्न एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और आज सुबह उसकी मौत हो गई। कई अन्य लोगों को भी पेचिश और उल्टी की शिकायत होने के बाद रविवार सुबह अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारे पास जानकारी है कि करीब 70 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे पांच अस्पतालों को चिह्नित किया है, जिनमें सबसे ज्यादा मरीज भर्ती हैं। स्थिति को देखते हुए एक अस्पताल में उन्होंने आईसीयू के मरीजों के इलाज के लिए एक पूरी मंजिल को आरक्षित रखा है। मरीजों को संदेह है कि शनिवार को उन्होंने मंदिर में जो प्रसाद खाया था, उसी में कुछ गड़बड़ी रही होगी।

उन्होंने कहा, हमने इन मरीजों के बयान दर्ज करने शुरू कर दिए हैं। अभी तक हमने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। हमारी जांच शुरुआती चरण में है। हम स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शिकायत का इंतजार कर रहे हैं। बयानों और उनकी शिकायतों के आधार पर हम जल्द ही मामला दर्ज करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

# किसान सूखे की कामना करते हैं क्योंकि उनका कर्ज माफ हो जाता है : शिवानंद पाटिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के शर्करा और कृषि विपणन मंत्री शिवानंद पाटिल के उस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है जिसमें उन्होंने कहा कि किसान राज्य में बार-बार सूखा पड़ने की कामना करते हैं ताकि उनका कर्ज माफ हो जाए। विपक्ष ने सोमवार को इसे कृषक समुदाय का 'अपमान' बताया और उन्हें मंत्रालय से हटाने की मांग की।

मंत्री की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए भाजपा ने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया से उनका इस्तीफा लेने का आग्रह किया है। पाटिल ने सितंबर में अपने एक और बयान से विवाद खड़ा कर दिया था कि मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजा राशि दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने के बाद किसानों की आत्महत्या के मामले बढ़ने लगे हैं। रविवार को बेलगावी में एक कार्यक्रम में पाटिल ने कहा, कृष्णा नदी का पानी मुफ्त है, धारा भी मुफ्त है। मुख्यमंत्री ने बीज और खाद भी दिया। किसान तो यही चाहेंगे कि बार-बार सूखा पड़े, क्योंकि उनका कर्ज माफ हो जायेगा। आपको ऐसी इच्छा नहीं करनी चाहिए - भले ही आप न चाहें तो भी तीन-चार साल में एक बार सूखा पड़ेगा।

राज्य सबसे खराब सूखे की मार झेल रहा है और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया पहले ही मध्यम अवधि के ऋणों पर ब्याज माफ करने की घोषणा कर चुके हैं। इसे रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, कुछ (मुख्यमंत्रियों) ने स्वयं ऋण माफ कर दिया था, मुझे आपको यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि, चाहे सिद्दरामैया हो, कुमारस्वामी या येदियुरप्पा (मुख्यमंत्री के रूप में) ने अतीत में कृषि ऋण माफ किया है।

उन्होंने कहा कि जब किसान संकट में होंगे तो सरकार उनकी मदद के लिए आएगी, लेकिन किसी भी सरकार के लिए हमेशा ऐसा करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, इन सभी पूर्वविचारों के साथ यदि हम आगे बढ़ते हैं, तो निश्चित रूप से हमारा भविष्य बहुत अच्छा होगा। मंत्री के बयान को गैरजिम्मेदाराना बताते हुए राज्य भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। भाजपा नेता ने कहा, शिवानंद पाटिल ने एक बार फिर किसानों का अपमान किया है। मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं कि उन्हें तुरंत बुलाएं और समझाएं तथा अगर वह खुद को सुधारने में सक्षम नहीं हैं, तो उनका इस्तीफा ले लें।

विजयेंद्र ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश का पेट भरने वाले किसानों के खिलाफ कांग्रेस और उसकी सरकार का यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है और भाजपा इसकी कड़ी निंदा करती है।

# तमिलनाडु में नाराज प्रेमी ने तकनीकी विशेषज्ञ युवती को जलाकर मार डाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चेन्नई के उपनगरीय इलाके में 25 वर्षीय एक तकनीकी विशेषज्ञ युवती को कथित तौर पर एक ट्रांसमैन ने जंजीर से बांध दिया और जलाकर मार डाला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। 25 वर्षीय आर. नंदिनी का आधा जला हुआ शव शनिवार रात को थलंबूर में बरामद किया गया था। पुलिस के मुताबिक, उसे जंजीरों से बांधा गया था और उसकी गर्दन, हाथ और पैर पर ब्लेड से गहरी चोटें लगी थीं। पुलिस ने रविवार को 27 वर्षीय एक ट्रांसमैन को गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर अपना प्रस्ताव ठुकराने पर महिला की हत्या कर दी थी। आरोपी की पहचान वेत्रिमारन के रूप में हुई है, जो मदुरै का मूल निवासी है और पिछले कुछ महीनों से थोरईपक्कम में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम कर रहा था। वह और नंदिनी दोस्त बन गए और बाद में प्यार हो गया। हाल ही में जब वेत्रिमारन ने नंदिनी के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, तो उसने उसे ठुकरा दिया।

इसके बाद नंदिनी ने किसी अन्य व्यक्ति के साथ रिश्ता शुरू कर दिया और इससे वेत्रिमारन नाराज हो गया। वह उसकी हत्या कर बदला लेना चाहता था। शनिवार को नंदिनी के जन्मदिन पर आरोपी उसे यह कहकर बाहर ले गया कि वह उसे सरप्राइज देना चाहता है। पुलिस ने कहा कि आरोपी उसे एक सुनसान जगह पर ले गया, उसे बांध दिया और ब्लेड से घायल करने के बाद उसे आग लगा दी।

# कर्नाटक में कोविड-19 के 125 नए मामले, तीन मरीजों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु/हैदराबाद। कर्नाटक में सोमवार को कोविड-19 के 125 नए मामले सामने आए जबकि बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण तीन मरीजों की मौत हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक बुलेटिन जारी कर यह जानकारी दी। बुलेटिन के मुताबिक राज्य में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 436 हो गयी है। बीते 24 घंटे में कम से कम 30 मरीजों को संक्रमण से ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

कर्नाटक में बीते 24 घंटे में 3,155 नमूनों की कोविड-19 की जांच की गयी। बुलेटिन के मुताबिक 22 दिसंबर को दक्षिण कन्नड़ में, 23 दिसंबर को हासन में और 24 दिसंबर को दक्षिण कन्नड़ में कोविड-19 से संबंधित मौत के एक-एक मामले दर्ज किए गए। वहीं, कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने सोमवार को कहा कि राज्य में अब तक कोरोना वायरस के उप-स्वरूप 'जेएन.1'के 35 मामले सामने आए हैं।

दिनेश गुंडू राव ने कहा, हम इस संबंध में कल विस्तृत जानकारी, सटीक आंकड़े साझा करेंगे, क्योंकि कल हम कोविड ङ्कङ्कसंबंधित कैबिनेट उप-समिति की बैठक करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में अब तक कोरोना वायरस के उप-स्वरूप 'जेएन.1'के 35 मामले सामने आए हैं। इस बीच, तेलंगाना में सोमवार को कोविड-19 के 10 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें से संक्रमण के नौ मामले हैदराबाद से और एक मामला करीमनगर में सामने आया। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक बुलेटिन जारी कर यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक राज्य में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 55 हो गयी है। इस दौरान तेलंगाना में कोविड-19 के कारण किसी मरीज की मौत नहीं हुई। सोमवार को कुल 989 नमूनों की कोविड-19 जांच की गयी।

# भाजपा ने विधानपरिषद में श्रीनिवास पुजारी को विपक्ष का नेता नामित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ विधान परिषद सदस्य और पूर्व मंत्री कोटा श्रीनिवास पुजारी को राज्य विधानपरिषद में विपक्ष के नेता के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। इसके अलावा भाजपा ने विधायक अरविंद बेलाड को विधानसभा में विपक्ष के उपनेता के रूप में नियुक्त किया है। भाजपा ने अपने विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सुनील वल्लयापुरे और एन रविकुमार को क्रमशः विधान परिषद में विपक्ष के उपनेता और मुख्य सचेतक के रूप में नियुक्त किया है जबकि पार्टी विधायक डोड्डानगौड़ा जी पाटिल को राज्य विधानसभा में मुख्य सचेतक के रूप में नामित किया गया है।भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने एक प्रेस विज्ञप्ति में इन नियुक्तियों की घोषणा करते हुए कहा, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के निर्देशानुसार यह नियुक्तियां की गई हैं। राज्य में मई में हुए विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा ने इन प्रमुख पदों पर नियुक्तियों के बिना - जुलाई में और इस दिसंबर की शुरुआत में दो विधायिका सत्रों में भाग लिया था। इसके कारण सत्तारूढ़ कांग्रेस और समाज के कुछ वर्गों ने भाजपा की आलोचना भी की थी।

# निर्मला सीतारमण बारिश से प्रभावित थूथुकुडी का करेंगी दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। तमिलनाडु में बारिश से प्रभावित दक्षिणी जिलों में राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के साथ वाकयुद्ध के कुछ दिनों बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राज्य के थूथुकुडी जिले का दौरा करेंगी। यह जिला बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। केंद्रीय मंत्री के कार्यालय द्वारा एक्स पर साझा किए गए कार्यक्रम विवरण के अनुसार श्रीमती सीतारमण मंगलवार यानी 26 दिसंबर को बाढ़ प्रभावित थूथुकुडी का दौरा करेंगी। वह थूथुकुडी जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक करेंगी और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगी। गौरतलब है कि तीन दिन पहले श्रीमती सीतारमण ने नयी दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की सरकार भारी बारिश से निपटने के लिए तैयार नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश से संबंधित चार दक्षिणी जिलों तिरुनेलवेली, थूथुकुडी, तेनकासी और कन्याकुमारी में 31 लोग मारे गए हैं। राज्य में पिछले 100 सालों में इस तरह की बारिश देखने को नहीं मिली है। श्रीमती सीतारमण स्टालिन की इस टिप्पणी से भी असहमत थीं कि मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 'अपर्याप्त पूर्वानुमान' प्रदान किया था और इसमें देरी भी की थी। राज्य में मूसलाधार बारिश के कारण 'रेड अलर्ट' भी जारी किया गया था।

उन्होंने कहा था कि केंद्र ने दक्षिणी जिलों में भारी बारिश से पहले ही राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के तहत राज्य का 900 करोड़ रुपये का हिस्सा दो किश्तों में जारी कर दिया था। दूसरी किश्त 12 दिसंबर को बारिश से पहले जारी की गई थी। राज्य की द्रमुक सरकार कह रही थी कि केंद्र ने केवल तमिलनाडु के लिए एसडीआरएफ का हिस्सा जारी किया था और बारिश राहत उपायों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) से कोई सहायता जारी नहीं की है। श्रीमती सीतारमण की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए, तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेनारासु ने कहा था कि वह आपदा की सीमा से 'स्पष्ट रूप से अनजान' हैं। यह राज्य सरकार के सक्रिय उपाय और त्वरित राहत एवं बचाव अभियान के कारण ही एक त्रासदी को टालने में मदद मिली। राज्य सरकार ने केंद्र से बारिश की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और बचाव एवं राहत के लिए एनडीआरएफ से धनराशि जारी करने का भी आग्रह किया था।

# हिजाब पर लगा प्रतिबंध नहीं हटाने को लेकर ओवैसी ने कर्नाटक सरकार की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस के कर्नाटक में सत्ता में आने के सात महीने बाद भी हिजाब पर लगा प्रतिबंध हटाने के लिए आदेश नहीं जारी करने को लेकर सोमवार को राज्य सरकार की आलोचना की। संवाददाताओं से यहां बातचीत करते हुए उन्होंने कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा चार भारतीय सैन्यकर्मियों की हत्या की निंदा की। हैदराबाद के सांसद ने कश्मीर में तीन नागरिकों की 'हत्या' में कथित रूप से शामिल कर्मियों की गिरफ्तारी की मांग की। तीनों लोगों को कथित तौर पर पूछताछ के लिए पकड़ा गया था और बाद में उनके शव मिले थे।

उन्होंने कहा, उन्हें (कर्नाटक की कांग्रेस सरकार) सात महीने क्यों लगे और वे पीछे क्यों हट रहे हैं? एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया कहते हैं कि आप जो चाहें पहन सकते हैं और फिर एक घंटे के भीतर वह कहते हैं कि हमें अभी निर्णय लेना है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कर्नाटक के मुसलमान निराश महसूस कर रहे हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख ने आश्चर्य जताया कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को ऐसे आदेश जारी करने से कौन रोक रहा है जिसमें सिर्फ 30 मिनट लगेंगे।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को स्पष्ट किया कि प्रशासन केवल राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहा है और सरकारी स्तर पर चर्चा के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा।

कश्मीर में तीन नागरिकों की मौत पर ओवैसी ने कहा कि सरकार द्वारा मुआवजा और अन्य उपाय पर्याप्त नहीं हैं और जो अधिकारी इसमें शामिल हैं उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के दो वाहनों पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले के स्थान के पास 22 दिसंबर को तीन लोग संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए थे। मृतक उन आठ लोगों में से थे जिन्हें कथित तौर पर सेना ने धत्यार मोड़ पर हुए हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए पकड़ा था।

उन्होंने कहा कि तीनों नागरिक गुज्जर बकरवाल समुदाय से थे और वे हमेशा पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ खड़े रहे हैं और हमेशा भारतीय सेना की मदद की है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने जानना चाहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार दावा करती है कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर में आतंकवाद और घुसपैठ में कमी आई है, तो आतंकवादियों ने चार भारतीय सैनिकों की कैसे जान ले ली।

# अन्नाद्रमुक के ईसी, जनरल काउंसिल की आज बैठक

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्य विपक्षी दल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की कार्यकारी समिति और सामान्य परिषद की बैठक मंगलवार को यहां होगी। उपनगरीय वानगरम के एक विवाह हॉल में आयोजित होने वाली पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक में 2,000 से अधिक ईसी और जनरल काउंसिल के सदस्य भाग लेंगे। गौरतलब है कि इसी साल मार्च में राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी के अन्नाद्रमुक के महासचिव के रूप में चुने जाने के बाद होने वाली यह पहली ईसी और जनरल काउंसिल की बैठक है।

इस वर्ष 28 मार्च को मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा 11 जुलाई, 2022 की सामान्य परिषद की बैठक के प्रस्तावों और महासचिव चुनाव के खिलाफ पूर्व अन्नाद्रमुक समन्वयक ओ. पन्नीरसेल्वम और उनके कुछ समर्थकों द्वारा दायर अंतरिम याचिकाओं को खारिज करने के कुछ ही क्षण बाद पलानीस्वामी को महासचिव के रूप में चुना गया था। अन्नाद्रमुक मुख्यालय में पार्टी चुनाव आयुक्त पोलाची वी.जयरमन और नाथम आर.विश्वनाथन ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा था। उस तिथि तक पलानीस्वामी ने अंतरिम महासचिव के रूप में कार्य किया था।

एक महीने बाद चुनाव आयोग ने अदालत के निर्देश के मुताबिक भी पलानीस्वामी को महासचिव चुने जाने की मान्यता दे दी।

# रेड्डी ने वाजपेयी को किया नमन

हैदराबाद। तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। रेड्डी ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार के तत्वावधान में वाजपेयी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। भारतीय राजनीति में वाजपेयी के महत्वपूर्ण योगदान पर जोर देते हुए उन्होंने कहा,वह एक बेदाग राजनेता, उच्च मूल्यों वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने ईमानदारी से शासन किया। वाजपेयी के नेतृत्व को याद करते हुए रेड्डी ने उनकी ईमानदारी और पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक कारगिल जीत के साथ पोखरण में परीक्षण के माध्यम से अपनी परमाणु क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए उनकी प्रशंसा की।

यात्रा



चिक्कमगलुरु में दत्तजयंती और दत्तभियान के हिस्से के रूप में शोभा यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु।

# तेलंगाना में राशन चावल का पुनर्चक्रण करने वाली इकाइयों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद। तेलंगाना के सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कैप्टन एन उत्तम कुमार रेड्डी ने सोमवार को पीडीएस (राशन) चावल के पुनर्चक्रण में शामिल चावल मिल मालिकों और अन्य संस्थाओं को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। रेड्डी ने हुजूरनगर में एक राशन की दुकान में चावल और अन्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए उसका गहन निरीक्षण करने के बाद राशन चावल का स्थानांतरण और दुरुपयोग करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। वर्तमान में तेलंगाना में लगभग 54 लाख राशन कार्डधारकों को केंद्र सरकार द्वारा पांच किलो चावल और राज्य सरकार से एक किलो चावल प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, राज्य सरकार अतिरिक्त 35 लाख राशन कार्डधारकों को प्रति माह 6 किलो चावल आवंटित करती है, भले ही यह केंद्र या राज्य सरकार से आता हो।





# गत सरकार की कोई योजना बंद नहीं करेंगे : भजन लाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि राज्य में पिछली सरकार की कोई भी योजना बंद नहीं की जायेगी। शर्मा ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि हमारे काम, हमारी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कोई भी योजना हम बंद नहीं करेंगे। शर्मा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' के अवसर पर पार्टी द्वारा आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क दवाएं आगे भी उपलब्ध करायी जाती रहेंगी तथा आवश्यक दवाओं की संख्या भी बढ़ाई जायेगी। शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने गरीब कल्याण के लिए योजनाएं बनाईं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आगे बढ़ाया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे। इन नेताओं ने वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने इससे पहले सवाई मानसिंह अस्पताल का निरीक्षण किया। शर्मा ने इसके बारे में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, स्वस्थ व समृद्ध राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार पूरी तन्मयता से प्रति क्षण प्रयत्नशील है। आज जयपुर स्थित सवाई मानसिंह अस्पताल जाकर औचक निरीक्षण किया, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं सहित आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लिखा, हमारे प्रेरणा स्रोत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाते हुए प्रदेश सरकार वीर भूमि राजस्थान के प्रत्येक नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु कृतसंकल्पित है।

# कोहरे के कारण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण दो वाहनों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग–68 पर धोरीमन्ना टोल प्लाजा के पास हुई। तनोट माता मंदिर (जैसलमेर) से दर्शन कर लौट रहे गुजरात के चार दोस्तों की कार सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण दूसरे वाहन से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चारों युवक कार में फंस गए। इनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। धोरीमन्ना थाने के हेड कांस्टेबल केशाराम ने बताया कि मृतकों की पहचान विष्णु (50), जितिन (48) और जिग्नेश कुमार (50) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने चारों युवकों को धोरीमन्ना अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि तीनों अहमदाबाद के रहने वाले थे।

# चुरू जिले में दो दलितों से मारपीट, एक की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के चुरू जिले में चार–पांच लोगों ने केबल चोरी के संदेह में दो दलित युवकों से मारपीट की। इनमें से एक की बाद में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना रविवार को रातूसर गांव में हुई जब बिजली विभाग द्वारा हाईटेंशन लाइन की सुरक्षा के लिए तैनात ठेकेदार के लोगों ने खेत में काम कर रहे दो लोगों को पकड़ लिया। इन लोगों ने दोनों युवकों पर बिजली विभाग के तार चुराने का आरोप लगाया और उनसे मारपीट की।

भानीपुरा के थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने बताया कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां कन्हैया लाल मेघवाल की मौत हो गई जबकि गंगाराम मेघवाल का इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में सुमित शर्मा, गोविंद शर्मा, भरत सिंह और संजय यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

इस बीच, मेघवाल के परिजनों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# जनादेश के 22 दिन बाद भी मंत्रिमंडल का गठन नहीं हो पाया : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को स्पष्ट जनादेश दिये 22 दिन बीत जाने के बाद भी मंत्रिमंडल का गठन नहीं हो पाया है, जिससे शासन संचालन में ठहराव की स्थिति आ गई है और जनता में अब निराशा व्याप्त होने लगी है। गहलोत ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से यह बात कही। उन्होंने कहा कि जनता में अब निराशा व्याप्त होने लगी है क्योंकि राजस्थान की जनता ने गत तीन दिसंबर को भाजपा को स्पष्ट जनादेश दिया पर 22 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं हुआ है जिससे शासन संचालन में ठहराव की स्थिति आ गई है। हर विभाग भी असमंजस की स्थिति में है। जनता देख रही है कि अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किन मंत्रियों के पास जाए। जल्द से जल्द मंत्रिमंडल गठन होना चाहिए जिससे सरकार का कामकाज सुचारू रूप से चल सके।

उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से यह भी जानकारी में आया है कि चिरंजीवी योजना में निजी अस्पतालों द्वारा इलाज नहीं किया जा रहा है। वर्तमान सरकार को हमारी सरकार की योजनाओं को लेकर भी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए जिससे जनता को परेशानी ना हो एवं कोई नई व्यवस्था लागू होने तक पूर्ववत व्यवस्था चालू रखनी चाहिए।




# राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार, करणपुर में भी खिलेगा कमल : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने आज श्रीगंगानगर के करणपुर विधानसभा में चुनावी दौरा कर भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने बूथ सम्मेलन और किसान संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया और भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय श्रीगंगानगर में पत्रकार बंधुओं से संवाद किया। उन्होंने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि चुनाव संकल्प पत्र के माध्यम से भाजपा ने राजस्थान की जनता से जो वादे किए थे उन्हे पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है और सुशासन, प्रगतिशील, सशक्त, विकसित, सुदृढ़ एवं स्वस्थ राजस्थान की कल्पना को लेकर आगे बढ़ रहें है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मोदी जी जैसा करिश्माई नेतृत्व ही ऐतिहासिक निर्णय ले सकता है। कांग्रेस अब तक उस औरंगजेब का महिमामंडन करती आई है जिसने धर्म परिवर्तन नहीं करने पर बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी को बहुत ही छोटी उम्र में जिन्दा दीवार में चुनवा दिया था। मोदी सरकार ने पहली बार दोनों वीर साहबजादों के नाम से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया। अब पूरा देश वीर बाल दिवस पर दोनो वीर साहबजादों को याद करेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि अटल जी ने राजनैतिक कौशल से जनमानस पर अमिट छाप छोडी है। आज पूरा देश उनकी जयन्ती सुशासन दिवस के रूप में मना रहा है। अटल जी ऐसे लोकप्रिय नेता थे जिनकी विपक्ष के लोग भी तारीफ करते थे। उनका फोकस हमेशा गांव, गरीब और किसान पर रहा। उनके शासन में किए गए पोकरण परमाणु विस्फोट से दुनिया में भारत का सर उंचा हुआ।

विपरीत परिस्थितियों में देश ने कारगिल युद्ध जीता, शहीदों के शव को उनके गांव भेजने की परम्परा शुरू कर शहीदों को सम्मान दिया, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, संचार नीति, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्व शिक्षा अभियान की शुरूआत हुई साथ ही जनजाति आयोग का गठन होने से जनजाति वर्ग के कल्याण की शुरूआत हुई। अटल जी ने ही देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की शुरूआत की थी।

# वाजपेयी के सुशासन के कार्य सांसदों एवं विधायकों के लिए रोल मॉडल : देवनानी

जयपुर। राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को सुशासन के पर्याय बताते हुए कहा है कि उनके सुशासन के लिए किए कार्य सांसदों और विधायकों के लिए रोल मॉडल है। देवनानी ने वाजपेयी की जयंती पर आज उन्हें याद करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि वाजपेयी के मर्यादाओं में रहते हुए सुशासन के लिए किए कार्य सांसदों और विधायकों के लिए रोल मॉडल माने जायेंगे।



# अजमेर-सियालदह रेलगाड़ी के खाली चार डिब्बे पटरी से उतरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अजमेर में मदार रेलवे स्टेशन पर अजमेर–सियालदह रेलगाड़ी के यार्ड में जाते समय इसके चार डिब्बे पटरी से उतर गये।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने मीडिया को बताया कि सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 12988 अजमेर–सियालदह रेलगाड़ी को जब मदार रेलवे स्टेशन पर रखरखाव के लिए यार्ड में ले जाया जा रहा था कि उसके चार डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। डिब्बे खाली होने के कारण कोई जनहानि एवं अन्य नुकसान नहीं पहुंचा।

उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और रेल यातायात प्रभावित नहीं हो, इसके लिए अस्थाई सिंगल लाइन डालकर रेल यातायात निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि पटरी से उतरे डिब्बों को पटरी पर लाकर मार्ग को शीघ्र ही दुरुस्त कर दिया जायेगा।



# महाराजा सूरजमल देश के गौरव उनके शासनकाल में सभी को मिले समान अधिकार : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महाराजा सूरजमल जी देश के गौरव हैं। उन्होंने देश के सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। वे देश के लिए ज्योतिपुंज हैं जिनके प्रकाश में हम सुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उनके शासन के दौरान सभी लोगों को समान अधिकार प्राप्त थे। हमारी सरकार भी महाराजा सूरजमल के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर प्रदेश में सभी को समान अधिकार और सम्मान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

शर्मा सोमवार को महाराजा सूरजमल जी के 260वें बलिदान दिवस पर आयोजित पुष्पांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि महाराजा सूरजमल जी के कार्यों और सिद्धान्तों के अनुरूप समाज के कमजोर तबके को सशक्त बनाया जाए और प्रदेश के सभी लोगों को न्याय सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा सूरजमल की महानता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके द्वारा निर्मित लोहागढ़ दुर्ग को कभी कोई भेद नहीं पाया। इस किले पर कई आक्रमण हुए लेकिन यह भारत का एकमात्र अजेय दुर्ग है। महाराजा सूरजमल भी जिंदगीभर अजेय रहे तथा अनेक युद्ध लड़े और सभी युद्धों में अपनी वीरता और शौर्य से विजय प्राप्त की।

शर्मा ने कहा कि राजा सूरजमल ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिनमें सभी सद्गुणों का समावेश था तथा वे वीर, धीर, गंभीर, उदार, दूरदर्शी और न्यायप्रिय शासक थे। वे न सिर्फ एक पराक्रमी योद्धा थे बल्कि एक दयालु शासक भी थे, जो हमेशा जरूरतमंदों लोगों की सहायता हेतु तत्पर रहते थे। वे भारतीय संस्कृति के सच्चे प्रतीक थे, जो मेल–मिलाप, सहअस्तित्व और समावेशी सोच को बढ़ावा देते थे। उनके शासन के दौरान सभी को सम्मान व उनकी सुरक्षा का ख्याल रखा जाता था। इससे पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, रामस्वरूप लांबा, आदर्श जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भैरू राम डागर सहित महासभा के अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा बढ़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री ने किया एसएमएस अस्पताल का निरीक्षण

# नदारद रहे चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु दिए निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सवाई मानसिंह अस्पताल के बांगड़ परिसर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया व मरीजों और उनके परिजनों से मिलकर कुशलक्षेम पूछी। साथ ही, इलाज में आ रही बाधाओं का त्वरित निस्तारण कर उचित चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों को निर्देश दिए।

इस दौरान शर्मा ने अस्पताल में बिना पूर्व सूचना नदारद रहे चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों, सफाईकर्मियों व अन्य कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), रजिस्ट्रेशन व दवा वितरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की शुद्धता एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि नियमित बैठक कर सुनिश्चित करें की सफ़ाई व्यवस्था, इलाज और दवा



वितरण पर किसी को भी परेशानी नहीं हो। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल अधीक्षक एवं अन्य चिकित्सा अधिकारियों को नियमित साप्ताहिक मॉनिटरिंग कर अस्पताल परिसर की अच्छी साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए तथा मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए अस्पताल परिसर में बैठने हेतु अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। शर्मा ने एसएमएस अस्पताल में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं व प्रबंधन को अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।



# विधायक कालीचरण सर्राफ ने स्वच्छता योद्धाओं के साथ झाड़ू लगाकर की स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी) के तहत सोमवार को मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ ने मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए शिविरों का शुभारंभ किया। सराफ ने इस अवसर पर कहा कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 18 लोकेशन पर कैंप लगाया जाएगा जो की 9 दिन तक चलेगा इस कैंप में आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला गैस योजना, पीएम स्व निधि समेत केंद्र सरकार की योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है।

इससे पूर्व विधायक ने शिविर का अवलोकन किया साथ ही लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया उन्होंने पीएम स्व निधि योजना के तहत लाभार्थियों को 10 हजार के चेक भी सौपे। सर्राफ ने सभी को सुशासन दिवस के अवसर पर शपथ दिलवाई इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर भी प्रकाश डाला माननीय विधायक ने स्वच्छता योद्धाओं के साथ गणेश मंदिर चैराहे से झाड़ लगाकर स्वच्छता सप्ताह की भी शुरुआत की। इस अवसर पर आयुक्त बाबूलाल गोयल, समितियो के अध्यक्ष, पार्षदगण जोन उपायुक्त, मुख्यालय उपायुक्त सहित निगम के आलाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। कल यहां आयोजित होगें विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कैम्प

मंगलवार को तिलक नगर सामुदायिक एलबीएस कॉलोनी के पीछे, राजकीय सीनियर सैकण्डी स्कूल आदर्श नगर पंचवटी सर्किल में कैम्प आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही 27 दिसंबर 2023 को शहीद अमित भारद्वाज स्मृति उद्यान मालवीय नगर वार्ड संख्या 130, सामुदायिक केन्द्र बी–ब्लॉक, करधनी मालवीय नगर वार्ड नं. 131 पर कैम्प आयोजित किया जायेगा।



# सेना प्रमुख ने पुंछ का दौरा किया, बहुत ही पेशेवर तरीके से अभियान संचालित करने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजौरी/जम्मू/भाषा।** पुंछ में पिछले हफ्ते घात लगाकर किए गए हमले में चार जवानों की मौत के बाद आतंकवादियों की तलाश में जारी अभियान के बीच सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को मौके का दौरा किया और कमांडरों को 'बहुत ही पेशेवर तरीके से अभियान संचालित करने के लिए प्रोत्साहित किया। थल सेनाध्यक्ष ने उनसे सभी चुनौतियों के प्रति दृढ़ रहने को भी कहा। पुंछ जिले में सुरनकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढेरा की गली और बफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर बृहस्पतिवार को घात लगाकर हमला कर दिया था, जिसमें चार जवानों की जान चली गई थी।

सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, जनरल मनोज पांडे ने पुंछ सेक्टर का दौरा किया और उन्हें मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। सेना प्रमुख ने मौके पर कमांडरों के साथ बातचीत की तथा उन्हें बहुत ही पेशेवर तरीके से अभियान चलाने और सभी चुनौतियों के खिलाफ दृढ़ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि सेना प्रमुख बाद में राजौरी में 25 इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय गए और वहां मौजूद कमांडरों ने उन्हें समग्र सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर पुंछ और राजौरी दोनों जिलों में सोमवार को तीसरे दिन भी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं ताकि अफवाहों पर लगाम कसी जा सके और बदमाशों को कानून एवं व्यवस्था के लिए मुश्किल पैदा करने से रोका जा सके।

# गरीब, युवा, महिलाएं और किसान मेरे लिए "सबसे बड़ी चार जातियां" : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** आगामी लोकसभा चुनावों से पहले, विपक्ष द्वारा देश में जातिगत जनगणना की मांग तेज करने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि गरीब, युवा, महिलाएं और किसान उनके लिए सबसे बड़ी चार जातियां हैं।

मोदी ने इंदौर में राज्य सरकार द्वारा आयोजित ''मजदूरों के हित, मजदूरों को समर्पित'' कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस से शामिल होते हुए कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मेरे लिए देश में चार जातियां सबसे बड़ी हैं। ये चार जातियां हैं- गरीब, युवा, महिलाएं और किसान। उन्होंने ''सुशासन दिवस'' के रूप में मनाई जाने वाली, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित विशाल कार्यक्रम में, इंदौर में 32 साल पहले बंद हुई हुकुमचंद कपड़ा मिल के करीब 5,000 मजदूरों के 224 करोड़ रुपए के बकाया का बटन दबाकर सांकेतिक भुगतान किया। परिसमापक के जरिये इस मामले के कानूनी निराकरण के लिए राज्य सरकार ने पहल की। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हुकुमचंद मिल मामले के निराकरण से इस कारखाने के पूर्व मजदूरों के परिवारों में त्योहारों का उल्लास बढ़ गया है। उन्होंने कहा, गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मान हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि देश के श्रमिक सशक्त बनें और समृद्ध भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। नवंबर के दौरान हुए विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश की सत्ता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बड़े बहुमत से वापसी के बाद मोदी राज्य के किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में पहली बार शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने सूबे के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में कहा, मुझे विश्वास है कि हमारी डबल इंजन की सरकार की नई टीम को श्रमिक परिवारों का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि गरीबों का आशीर्वाद और उनका प्यार क्या कमाल कर सकता है। उन्होंने विधानसभा चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत देने के लिए सूबे की जनता का आभार जताते हुए कहा कि मतदाताओं को भाजपा की ओर से दी गई चुनावी गारंटी पूरा करने के लिए नई राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। मोदी ने यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाने के लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' निकाली जा रही है।

प्रधानमंत्री ने इंदौर में कपड़ा उद्योग के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा,''हमारी डबल इंजन की सरकार इंदौर को उसका पुराना औद्योगिक गौरव लौटाने का प्रयास कर रही है जो पहले की सरकारों की गलत नीतियों के कारण धूमिल हो गया था। उन्होंने इंदौर-भोपाल निवेश गलियारा, इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक गलियारा, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और पीएम मित्र पार्क जैसी परियोजनाएं गिनाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार के राज में इंदौर के आस-पास हजारों करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है जिससे रोजगार के हजारों नए अवसर पैदा होंगे।

# कल्याण बनर्जी ने धनखड़ पर फिर साधा निशाना, कहा- नकल उतारना अभिव्यक्ति का अधिकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** संसद परिसर में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारने के मामले में विवाद में घिरे तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि 'मिमिक्री' करना एक तरह की अभिव्यक्ति है और मौलिक अधिकार है।

संसद के शीतकालीन सत्र में कई अन्य विपक्षी सांसदों के साथ लोकसभा से निलंबित बनर्जी ने कहा कि असहमति और विरोध का अधिकार मौलिक अधिकार है। वरिष्ठ अधिवक्ता बनर्जी ने अपने संसदीय क्षेत्र सेरामपुर में रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, अभिव्यक्ति का अधिकार मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा, नकल उतारना अधिकार है, यह एक अभिव्यक्ति है, यह मौलिक अधिकार है। बनर्जी ने कहा कि कोई इसे प्रभावित नहीं कर सकता। बनर्जी ने संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सदस्यों के निलंबन के खिलाफ 19 दिसंबर को संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान धनखड़ की नकल उतारी थी। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने इस कृत्य को 'शर्मनाक, हास्यास्पद और अस्वीकार्य' बताया था।

# सांसदों के निलंबन को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है सत्तापक्ष: खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभापति जगदीप धनखड़ को लिखे एक पत्र में भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि सत्तापक्ष ''लोकतंत्र को कमजोर करने, संसदीय परंपराओं को नष्ट करने और संविधान का गला घोंटने'' के लिए सांसदों के निलंबन को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

धनखड़ को लिखे जवाबी पत्र में खरगे ने यह भी कहा कि सभापति का पत्र ''दुर्भाग्य से संसद के प्रति सरकार के निरंकुश और अहंकारी रवैये को उचित ठहराता है। पत्र में सभापति द्वारा उल्लेखित कुछ बिंदुओं का जवाब देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने उनसे ''राज्यसभा के सभापति के रूप में निष्पक्षता और तटस्थता के साथ'' विपक्ष की चिंताओं पर विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने पत्र में दावा किया, सत्तारूढ़ दल ने वास्तव में लोकतंत्र को कमजोर करने, संसदीय प्रथाओं को नुकसान पहुंचाने और संविधान का गला घोंटने के लिए सदस्यों के निलंबन को एक सुविधाजनक हथियार बना दिया है। खरगे का कहना था, विपक्ष की आवाज़ को दबाने के लिए विशेषाधिकार प्रस्तावों को भी हथियार बनाया गया है। यह संसद को कमजोर करने के लिए सत्तापक्ष द्वारा जानबूझकर तैयार की गई रणनीति है। सांसदों को निलंबित करके सरकार कुल मिलाकर 146 सांसदों के क्षेत्रों के मतदाताओं की आवाज़ को चुप करा रही है। उन्होंने पत्र में कहा, आपने यह भी उल्लेख किया है कि सदन में अव्यवस्था इरादतन और पूर्व निर्धारित थी। मैं कहना चाहूंगा कि संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सांसदों का सामूहिक निलंबन सरकार द्वारा पूर्व निर्धारित और पूर्व नियोजित प्रतीत होता है। मुझे यह कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि बिना सोचे-समझे इसे अंजाम दे दिया गया। 'इंडिया' गठबंधन से संबंधित एक सदस्य को निलंबित कर दिया गया जबकि वह सदन में मौजूद भी नहीं थे। खरगे ने कहा, सदन के संरक्षक के रूप में सभापति को संसद में अपनी सरकार को जवाबदेह ठहराने के लोगों के अधिकार की रक्षा करनी चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने गत 23 दिसंबर को खरगे को लिखे पत्र में कहा था कहा कि सदन में व्यवधान इरादातन और रणनीति के तहत था। इस प्रकरण में मुख्य विपक्षी दल की पूर्वनियोजित भूमिका की ओर इंगित करके मैं आपको शर्मिंदा नहीं करना चाहता, लेकिन जब कभी भी मुझे आपसे बातचीत करने का अवसर मिलेगा मैं आपसे वह साझा अवश्य करूंगा। धनखड़ ने खरगे को संसद में व्यवधान और विपक्षी सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर बातचीत के लिए 25 दिसंबर को अपने आवास पर आमंत्रित किया था। खरगे ने जवाबी पत्र में कहा कि वह फिलहाल दिल्ली से बाहर हैं और वापस आते ही सभापति से मिलेंगे। शीतकालीन सत्र के खत्म होने के बाद भी धनखड़ और खरगे के बीच पत्राचार हुआ था। सदन में तख्तियां लहराने और नारे लगाने के आरोप में शीतकालीन सत्र में कुछ दिनों के भीतर ही 146 सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया।

## ओडिशा में दो गुटों में संघर्ष के कारण दो लोग घायल, आठ गिरफ्तार

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के भुवनेश्वर में दो गुटों में हुए संघर्ष के कारण दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अधिकारी ने कहा कि यह घटना रविवार शाम की है। जोन-2 के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गिरिजा शंकर चक्रवर्ती ने संवाददाताओं को बताया कि राकेश कुमार गुरु और सिबा महराना नाम के दो युवकों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति प्रदीप सिंह को अपनी जगह गैरेज के लिए एक युवक को किराए पर देने के लिए धमकी दी थी। सिंह के पास भुवनेश्वर के हवाईअड्डा क्षेत्र में एक छोटा सा परिसर है। चक्रवर्ती ने कहा, रविवार शाम को विवाद हिंसक हो गया जब दोनों युवकों ने प्रदीप पर तलवार से हमला कर दिया। जब वहां मौजूद दूसरे समूह ने मामले में हस्तक्षेप किया, तो दोनों ने उन पर हमला कर दिया। दूसरे समूह ने तलवार छीन ली और दोनों पर हमला कर दिया जिससे उनमें से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। एसीपी ने कहा कि प्रदीप और सिबा के भाई की ओर से दो अलग-अलग मामले दर्ज कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी का 2024 में कोई विकल्प नहीं: अजित पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को दावा किया कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फिलहाल कोई विकल्प नहीं है। पवार ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों द्वारा मोदी के नेतृत्व को चुनौती देने की योजना बनाए जाने के संबंध में पूछे गए पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फिलहाल कोई विकल्प नहीं है। ऐसा निर्णय सिर्फ एक या दो चीजों के आधार पर नहीं बल्कि विभिन्न पहलुओं के आधार पर लिया जाता है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा, आप लोग बहुत दुष्प्रचार करते हैं।

पवार ने कहा कि लेकिन देश के हितों की रक्षा कौन करेगा, देश किसके हाथों में अधिक सुरक्षित एवं मजबूत रहेगा और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि किसने सुधारी, जैसे सवाल बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, हमने (हाल के विधानसभा चुनावों के) तीन राज्यों - छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में परिणाम भी देखे हैं। चुनाव से पहले अनुमान लगाने का मतलब यह नहीं है कि परिणाम समान होंगे। इन तीनों राज्यों में भाजपा ने चुनाव जीता है। पवार ने राज्य सरकार के खिलाफ पुणे जिले में विपक्षी दलों द्वारा रैलियां निकाले जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एक लोकसभा सदस्य ने संसद के निचले सदन के सदस्य के रूप में पद छोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी।

उन्होंने शरद पवार के नेतृत्व वाले राकांपा खेमे का समर्थन करने वाले और शिरूर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य अमोल कोल्हे का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा, हमने जब उन्हें 2019 में टिकट दिया था, उस समय वह लोकप्रिय थे क्योंकि उन्होंने (एक टीवी धारावाहिक में) संभाजी महाराज की भूमिका निभाई थी और वह एक अच्छे वक्ता थे।




# 'इंडिया' गठबंधन का संयोजक नहीं बनाए जाने से न नराजगी है और न ही मायूस हूं : नीतीश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रधानमंत्री पद के चेहरे के तौर पर सुझाए जाने से वह नाराज हैं।

पिछले हफ्ते राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने का सुझाव आने के बाद ऐसी अटकलें थी कि बिहार के मुख्यमंत्री इससे नाराज हो गए हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के विरोध में विपक्षी दलों को एकजुट करने की पहल करने वाले जदयू नेता ने सोमवार को चुप्पी तोड़ते हुए कहा, मुझे कोई मायूसी नहीं हुई, कोई नाराज़गी नहीं हुई। दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान नीतीश ने कहा, बैठक में मुद्दा (एक नेता के नाम का) आया। मैंने शुरू में ही स्पष्ट कर दिया था कि हमारी अपनी कोई इच्छा नहीं है। सबलोग साथ मिलकर चलें, यही हम चाहते हैं। फिर एक और नाम प्रस्तावित किया गया तो मैंने कहा कि यह सबके लिए ठीक है। दिल्ली और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों क्रमश: अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी ने बैठक में प्रधानमंत्री पद के लिए खरगे का नाम सुझाया था।

## 'डब्ल्यूएफआई को निलंबित नहीं किया, भ्रम फैलाने के लिए गतिविधियां रोकी गईं'



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को केंद्र पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को भंग करने के बारे में झूठी खबर फैलाने का आरोप लगाया और साथ ही कहा कि भ्रम फैलाने और भाजपा सांसद को बचाने के लिए इसकी गतिविधियां रोकी गई हैं। प्रियंका गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि जब भी महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं सामने आती हैं तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूरी ताकत से आरोपियों को बचाती है और पीड़ितों पर अत्याचार करती है। कांग्रेस महासचिव ने 'एक्स' पर हिंदी में लिखे पोस्ट में पूछा, भाजपा सरकार कुश्ती महासंघ को भंग करने की झूठी खबर फैला रही है। कुश्ती महासंघ को भंग नहीं किया गया है, सिर्फ उसकी गतिविधियों को रोका गया है ताकि भ्रम फैलाकर आरोपी को बचाया जा सके। एक पीड़ित महिला की आवाज दबाने के लिए इस स्तर पर जाना पड़ रहा है? '' उन्होंने लिखा, देश को गौरवान्वित करने वाली नामचीन खिलाड़ियों ने भाजपा सांसद पर यौन शोषण का आरोप लगाया तो सरकार आरोपी के साथ खड़ी हो गई। पीड़िताओं को प्रताड़ित और आरोपी को पुरस्कृत किया।

# पवार ने अजित पवार पर कटाक्ष करते हुए कहा, 1978 का कदम बगावत नहीं था



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने वर्ष 1978 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री वसंतदादा पाटिल के खिलाफ उठाए गए उनके कदम का परोक्ष संदर्भ देने को लेकर अजित पवार पर तंज कसते हुए सोमवार को कहा कि वह कोई बगावत नहीं थी, बल्कि आपसी सहमति से लिया गया एक निर्णय था। वर्ष 1978 में शरद पवार 40 विधायकों के साथ सरकार से अलग हो गए थे जिससे पाटिल सरकार गिर गई थी। उस वर्ष 18 जुलाई को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वह 38 साल की उम्र में इस पद पर आसीन होने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे।

दो जुलाई को राकांपा को विभाजित करके एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने वाले अजित पवार ने बारामती में रविवार को शरद पवार पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि उनका यह रुख 60 वर्ष की उम्र पार करने के बाद है, जबकि कुछ लोग 38 वर्ष की उम्र में ही इस रास्ते पर चल पड़े थे। उपमुख्यमंत्री ने दावा किया था कि यशवंतराव चव्हाण ने शरद पवार के कदम का विरोध किया था क्योंकि वसंतदादा पाटिल जैसे नेता को दरकिनार कर दिया गया था।

## 'झूठ फैलाने के लिए टीएमसी ने मेरी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश किया'



**कोलकाता/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सोमवार को दावा किया कि राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने उनकी टिप्पणी को झूठ फैलाने के लिए तोड़-मरोड़कर पेश किया है। मजूमदार ने साथ ही यह भी कहा कि एक दिन पहले टीईटी प्रश्न पत्र के कथित लीक रोकने में विफल रहने के मामले से ध्यान हटाने के लिए भी टीएमसी ने उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया है। मजूमदार का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया था जिसमें वह कहते सुने गए, 'बंगाल भक्ति आंदोलन का उद्गम स्थल रहा है और इसने 'सनातन धर्म' का सदियों समर्थन किया लेकिन वामपंथियों की वजह से वह इस रास्ते से कुछ समय के लिए भटक गया। जो लोग फुटबॉल खेल को गीता से अधिक महत्व देते हैं, वे सभी वामपंथी विचारधारा वाले हैं। उन्होंने साबित किया है कि अल्प ज्ञान खतरनाक चीज होती है। बंगाल अब सही रास्ते पर चलेगा, जिसकी शुरुआत आज (24 दिसंबर को गीता पाठ के दिन) से होगी। मजूमदार ने संवाददाताओं से कहा कि उनका तात्पर्य मौजूदा वामपंथियों से था और टीएमसी को हमें स्वामी जी की विचारधारा को लेकर सिखाना नहीं चाहिए।

## 'योगा गर्ल' निधि डोगरा ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत पदक

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** 'रबर डॉल' के नाम से मशहूर निधि डोगरा ने कोलकाता में हाल ही में संपन्न हुए 67वें नेशनल स्कूल गेम्स में रजत पदक जीता है। निधि के पिता और गुरु शशि कुमार ने कहा कि हमीरपुर के प्रताप नगर में स्थित सुपर मैगनेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा निधि ने नेशनल योगासन स्कूल स्पोर्ट्स कम्पटीशन की राष्ट्रीय स्तरीय कलात्मक योग प्रतियोगिता में पदक जीता है। उन्होंने कहा कि 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित खेलों में निधि ने सात में से पांच आसन करके दिखाए। खिउंद गांव की रहने वाली निधि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं और उनके नाम पर छह विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। निधि ने कई रिएलटी शो भी जीते हैं।

# वह हासिल करना चाहता हूं जो दक्षिण अफ्रीका में किसी अन्य भारतीय टीम ने नहीं किया: रोहित शर्मा


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सेंचुरियन/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बतौर नेतृत्वकर्ता वो हासिल करना चाहते हैं जो बीते 31 साल में कोई अन्य भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका में हासिल करने में विफल रही है लेकिन यह भी विश्व कप फाइनल में मिली हार की टीस को कम नहीं कर पाएगी। दक्षिण अफ्रीका में 1992 में पहली टेस्ट शृंखला के बाद से भारत को यहां कभी सफलता नहीं मिली है। वह चाहते हैं कि उनकी टीम दक्षिण अफ्रीका में शृंखला जीतने वाली पहली भारतीय टीम बने। भारतीय टीम मंगलवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की शृंखला खेलेगी। रोहित ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, बतौर टीम हम जहां हैं, इस लिहाज से ये बहुत महत्वपूर्ण मैच हैं। अगर पीछे मुड़कर देखें तो हमने यहां कभी भी कोई शृंखला नहीं जीती है, यह हमारे लिए यहां अच्छा प्रदर्शन करने का एक बड़ा मौका है। उन्होंने कहा, हम पिछली दो बार जब यहां के दौरे पर आए थे तो हम काफी करीब पहुंच गए थे। लेकिन फिर से हम बहुत आत्मविश्वास के साथ यहां आए हैं और वो हासिल करने की कोशिश करेंगे जो दुनिया के इस हिस्से में किसी भारतीय टीम ने कभी हासिल नहीं किया है।

तो क्या यह विश्व कप फाइनल में मिली हार के लिए मरहम का काम करेगा तो इस पर उन्होंने कहा, मैं नहीं जानता कि दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शृंखला में मिली जीत विश्व कप फाइनल की हार का मरहम हो सकती है या नहीं। विश्व कप तो विश्व कप है। इतनी मेहनत की है, कुछ तो नतीजा मिले। हम सभी यह चाहते हैं। भारत के विश्व कप नायक मोहम्मद शमी टखने की चोट के कारण शृंखला में नहीं खेलेंगे और रोहित ने इस तेज गेंदबाज की कमी को टीम के लिए नुकसानदायक बताया। उन्होंने कहा, शमी ने हमारे लिए इतने वर्षों जो किया है, उसे देखते हुए उनकी कमी खलेगी। किसी को उनकी जगह खिलाना होगा लेकिन यह आसान नहीं होगा। लेकिन हम आत्मविश्वास से भरे हैं।

## राष्ट्रीय खिताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा : चिराग सेन



**नई दिल्ली/भाषा।** अपने प्रतिभाशाली छोटे भाई लक्ष्य सेन के साए में जीने के बाद चिराग सेन आखिर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीतने में सफल रहे और उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। लक्ष्य सेन कभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप नहीं जीत पाए लेकिन उनके बड़े भाई चिराग ने रविवार को फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त एम थारुन को 21-14 13-21 21-9 से हराकर गुवाहाटी में राष्ट्रीय खिताब जीता।

कीनिया अंतरराष्ट्रीय चैलेंज 2020 का खिताब जीतने वाले चिराग ने पीटीआई से कहा,''यह (राष्ट्रीय चैंपियनशिप का) खिताब थोड़ी देर से मिला लेकिन आखिर में इस जीत से मैं बहुत खुश हूं। पिछले तीन-चार महीनों से मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं लेकिन अब यह ट्रॉफी जीतने में सफल रहा। अब मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हूं। पिछले कुछ वर्षों से घरेलू सर्किट में खेलने वाले 25 वर्षीय चिराग ने स्वीकार किया कि उनके करियर को आगे बढ़ाने में लक्ष्य सेन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा, हम दोनों के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है। हमारे लिए अभी तक का सफर बहुत अच्छा रहा है। हम अकादमी में एक साथ रहे और हमने एक दूसरे की देखरेख की। मेरे करियर को आगे बढ़ाने में उसने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सुविचार

**कपड़े और चेहरे अक्सर झूठ बोला करते हैं, इंसान की असलियत तो वक्त बताता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बलूचों की सिसकियां

पाकिस्तान में बलूचों के मन में विद्रोह की ज्वाला भड़कती जा रही है। अगर इस पड़ोसी देश की सरकार और फौज ने अब भी उनके मुद्दों की ओर ध्यान नहीं दिया तो यह स्थिति आर या पार की लड़ाई में तब्दील हो सकती है। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के साथ ही सरकारी स्तर पर बलूचों से विश्वासघात शुरू हो गया था, जो आज तक जारी है। अब उनके सब्र का बांध टूटता जा रहा है। ये बलूच कार्यकर्ता सैकड़ों किमी की यात्रा कर इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन की कोशिशें कर रहे थे, लेकिन उन पर बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया था। आश्चर्य की बात है कि जो पश्चिमी 'थिंक टैंक' मामूली-सी घटना में 'तिल का ताड़ बनाकर' भारत की आलोचना करने का मौका नहीं छोड़ते, उन्हें बलूचों की सिसकियां सुनाई नहीं देतीं! ये बलूच कार्यकर्ता क्या चाहते हैं? यही कि उनके साथ इन्साफ किया जाए! वे यह जानना चाहते हैं कि उनके (वे) लोग कहां हैं, जो महीनों/वर्षों से गायब हैं? इस बार तो पाकिस्तान सरकार ने किसी तरह उन पर काबू पा लिया, उनमें से 290 बलूच कार्यकर्ताओं को रिहा भी कर दिया, लेकिन यह ज्वाला इससे शांत नहीं होगी। ये लोग भविष्य में फिर ताकत जुटाकर आएंगे, क्योंकि अब उन्हें पाक सरकार और फौज से कोई उम्मीद नहीं है। बलूचिस्तान में ऐसे कई परिवार हैं, जिनमें लोग अचानक गायब हो गए और आज तक घर नहीं लौटे। एक बुजुर्ग बलूच का बेटा कई महीनों से गायब है। वे जानते हैं कि उसे पाकिस्तान फौज व आईएसआई ने उठाया है और अब वह इस दुनिया में नहीं है। उन बुजुर्ग की अपने हुक्मरानों से सिर्फ इतनी गुजारिश है कि वे अपने मुंह से कह दें कि अब आपका बेटा जिंदा नहीं है। वे उसकी लाश भी नहीं चाहते। बस यह तसल्ली करना चाहते हैं कि उन्हें अपने बेटे के बारे में सही जानकारी मिल जाए। वे कहते हैं कि सरकार की ओर से उन्हें इतना कह दिया जाए तो वे जिंदगीभर अपने घर की छत पर पाकिस्तान का झंडा लगाएंगे। मगर अफसोस! उन बुजुर्ग को भी पीट-पीटकर जेल में डाल दिया गया।

बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों और खनिजों से मालामाल है। इसके बावजूद वहां घोर गरीबी है। वहां गैस के भंडार हैं। उसका इस्तेमाल इस्लामाबाद, रावलपिंडी, लाहौर, कराची जैसे बड़े शहरों में होता है। आम बलूच आज भी लकड़ी के चूल्हे पर खाना पकाने को मजबूर है। बलूचिस्तान के रास्ते ईरान से तेल की तस्करी होती है, जिससे सैन्य अधिकारी खूब चांदी कूटते हैं। वहीं, आम बलूच ऊंची कीमत पर तेल खरीदने को मजबूर है। आज बलूचिस्तान के हालात लगभग वैसे ही हैं, जैसे साल 1971 से पहले पूर्वी पाकिस्तान (मौजूदा बांग्लादेश) के थे। एक चर्चित घटना के अनुसार, पूर्वी पाकिस्तान से एक व्यक्ति पश्चिमी पाकिस्तान आया। वहां उसने मंत्रियों, सरकारी अफसरों और सैन्य अधिकारियों के ठाठ देखे तो कहा कि इस्लामाबाद की सड़कों से पटसन की गंध आती है। इसका यह आशय था कि पूर्वी पाकिस्तान के संसाधनों को लूटकर पश्चिमी पाकिस्तान में ताकतवर तबका गुलछर्रे उड़ा रहा था। आज उसी तर्ज पर बलूचिस्तान के संसाधनों की लूट-मार जारी है। बलूचों का उनकी जमीन से खात्मा करने के लिए बड़े स्तर पर कोशिशें हो रही हैं। आम बलूच को लेकर अदालतों का रुख भेदभाव पर आधारित है। वे गुमशुदा लोगों के मामलों में फौज की हां में हां मिलाती नजर आती हैं। बलूच कार्यकर्ताओं में से ऐसी कई महिलाएं हैं, जिनके पति वर्षों से गायब हैं। वे जब कभी विरोध प्रदर्शन करती हैं तो मुख्य धारा का मीडिया उनकी खबरें नहीं छापता। स्थानीय कार्यकर्ता बताते हैं कि उनके कई साथियों का पाक फौज ने 'अपहरण' कर लिया था। इसके बाद उनकी आंखों पर पट्टी बांधकर उन्हें उड़ते हेलीकॉप्टर से नीचे फेंक दिया। यह जुल्म कम होने का नाम नहीं ले रहा। जिस दिन बलूचिस्तान 'आज़ाद' होगा, इस दर्द पर मलहम लगेगा।

## ट्वीटर टॉक



शासन में आया ये बदलाव, अब समाज की सोच को भी बदल रहा है। इसलिए आज भारत में जनता और सरकार के बीच भरोसा नई बुलंदियों पर है और यही आत्मविश्वास आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण की ऊर्जा बन रहा है।

**-नरेन्द्र मोदी**



स्वस्थ व समृद्ध राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार पूरी तन्मयता से प्रतिक्षण प्रयत्नशील है। आज सवाई मानसिंह अस्पताल जाकर औचक निरीक्षण किया व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं सहित आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।

**-भजनलाल शर्मा**



आज सुशासन दिवस के अवसर पर विद्याधर नगर विधानसभा के बालाजी अस्पताल,न्यू लोहा मंडी रोड़,मुरलीपुरा में आयोजित रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुई और 'महादान' करने वाले वीरों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**-दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# नीयत और भाग्य


एक बार विनोबा भावे अपने भूदान आंदोलन के दौरान गांव की पाठशाला में ठहरे हुए थे। दोपहर के समय कुछ शिक्षकों को नीयत तथा नसीब पर सीख दे रहे थे। तभी एक बिलखता हुआ बालक उन सबके सामने आया और पेट पर हाथ लगाता हुआ जमीन पर लोटने लगा। यह भूखा बालक है। इसे कुछ भोजन दे दो। अचानक ही किसी ने कहा तो एक युवक जो उस पाठशाला में नया ही नियुक्त हुआ था उसने करुणा से अपना खाने का डिब्बा उस बालक को दिया। उस डिब्बे में दो रोटी और अचार था। वह सब खा गया। मटके से पानी पीकर वहीं एक दरी पर सो भी गया। अब वह युवक अपना खाली डिब्बा देखने लगा। उस समय तो गांव की पाठशाला के आसपास कोई दुकान भी नहीं होती थी। विनोबा सहित सब एक दो पल खामोश थे कि एक युवती भागती हुई आई। उसके एक हाथ में थाली ढकी हुई थी। पता लगा कि वह इसकी बुआ है और उस बालक के लिए हलवा-पूरी लाई है। सब माजरा जानकर उस युवती ने अनुरोध किया कि वह युवक इस खाने को ग्रहण करे। युवक भी भूखा था। उसने आनंद से सब स्वीकार किया।

## सामयिक

# चुनावी रणनीति का शिकार हुई संसद

**अवधेश कुमार**
मो.: 9811027208

संसद के शीतकालीन सत्र ने अपने माननीय सांसदों के निलंबन का रिकॉर्ड बना दिया। पूरा देश सांसदों के व्यवहार और निलंबन देखकर विस्मित था। दोनों सदनों को मिलाकर 146 सांसदों के निलंबन की कभी कल्पना नहीं की गई होगी। सत्र समाप्त होने के साथ आईएनडीआईए के सदस्यों ने पहले संसद से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला और बाद में जंतर-मंतर पर धरना दिया व विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को नाम दिया गया था, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ। ठीक विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर लोकतंत्र के अपहरण का आरोप लगाया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि दृश्य ऐसा था मानो विपक्षी सांसद अपने निलंबन करने के लिए गिड़गिड़ा रहे हों। इसमें सबसे चिंता का विषय सरकार और विपक्ष की लड़ाई का लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति बनाम विपक्ष में परिणत हो जाना है। प्रत्यक्ष तौर पर भले यह न दिखे पर सच्चाई यही है। अगर माननीय सांसद सर्वसम्मति से निर्धारित आचरण को तोड़ते हुए बेल में जाते हैं , तख्तियां दिखाते हैं, नारे लगाते हैं, आसन की ओर कागज फेंकते हैं तो यह सरकार का नहीं आसन यानी अध्यक्ष और सभापति का अपमान होता है।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच का पत्र व्यवहार देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी चिंताजनक है। धनकर ने खरगे और राकांपा प्रमुख शरद पवार को पत्र लिखकर कहा है कि स्वीकार नहीं की जाने वाली मांगों के जरिए सदन को पंगु बनाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लिखा है कि पीड़ा के साथ कह रहा हूं कि मेरे आग्रह और प्रयासों को सदन में स्वस्थ कामकाज के लिए आपका समर्थन नहीं मिला। अनुभवी नेता के तौर पर आप जानते हैं कि पीठासीन अधिकारी के साथ बातचीत उच्च प्राथमिकता होती है। सभापति के लिए इससे अधिक पीड़ादायी कुछ नहीं हो सकता है कि मुलाकात का आग्रह स्वीकार नहीं किया गया। यह संसदीय परंपरा के अनुरूप नहीं था। उनकी एक पंक्ति देखिए,- यह देखकर दुख हुआ कि कुशल राजनीतिज्ञ का दृष्टिकोण प्रदर्शित करने और उच्च सदन की गरिमा बनाए रखने के बजाय अनुभवी सदस्यों ने भी दलगत भावना से प्रेरित दृष्टिकोण अपनाया। दूसरी ओर खरगे ने अपने पत्र में इतनी बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन को भारत के संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के लिए हानिकारक बताते हुए कहा है कि वह इससे व्यथित और चिंतित हैं और निराशा व दुखी महसूस कर रहे हैं। उनकी पंक्ति देखिए , मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर राज्यसभा के के नियम और प्रक्रियाओं से संबंधित नियमों के तहत कई नोटिस दाखिल किए गए थे। खेद का विषय है कि न तो इनको स्वीकार किया गया और न ही मुझे या विपक्षी दलों के किसी अन्य सदस्य को बोलने की अनुमति प्रदान की गई। इन पंक्तियों के बाद किसी को संदेश रह जाता है कि खरगे अंततः किसे आरोपित कर रहे है?

संसद के दोनों सदन में अध्यक्ष व सभापति का निर्णय ही मान्य होता है। खरगे कह रहे हैं कि हमने आपको नोटिस दिया लेकिन आपने चर्चा नहीं करायी। वे उपराष्ट्रपति से मिलने की बात कर रहे हैं किंतु इसमें भी उन्होंने लिखा है कि आपसी सहमति से निर्धारित तिथि पर वह उनसे मामले पर चर्चा करें और उनकी चिताओं का निवारण करें। इस तरह की भाषा में लिखा गया पत्र ही बताता है कि स्थिति कितनी बिगड़ चुकी है। सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। मान कर चलिए कि इस संसद के अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे।

दो युवकों का दर्शक दीर्घा से कूदना और एक का जूते से प्लास्टिक कैन निकालकर पीला धुआं छोड़ना चिंताजनक घटना थी। इसे गंभीरता से लेकर सुरक्षा में ऐसे आवश्यक बदलाव करने चाहिए जिसे न दर्शक दीर्घा में आने वाले दुष्प्रभावित हो और न ही आगे से इस तरह के जोखिम की संभावना रहे। सभी माननीय सांसदों को ध्यान रखना चाहिए कि देश और दुनिया में ऐसी तस्वीर न बने कि भारत अपनी संसद की सुरक्षा करने में भी सक्षम नहीं है। कुछ विपक्षी सांसद कहने लगे कि कल कोई हथियार लेकर भी अंदर आ जाएगा।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि संसद की सुरक्षा में हथियार लेकर जाने की गुंजाइश नहीं है। दोनों युवकों के दर्शक दीर्घा से कूदने, बेंच पर उछलने तथा धुआं छोड़ने के साथ सांसदों ने ही उनकी पिटाई की, मार्शल उन्हें पकड़ कर बाहर ले गए तथा सदन सुचारू रूप से चलने लगा। अचानक कुछ देर बाद हंगामा हो गया। देखते- देखते विपक्षी सांसदों के बेल में जाने, आसन पर कागज के टुकड़े फेंकने, महासचिव की कुर्सी तक जाकर हंगामा करने तथा तख्तियां लेकर नारे लगाने में परिणत हो गया। जब संसद ने सर्वसम्मति से तय किया है कि तख्तियां लेकर बेल में आने पर निलंबन ही होगा तो जाहिर है जाने वाले सबको पता था।

सारे दृश्य स्पष्ट कर रहे हैं कि सांसदों ने जानबूझकर ऐसी स्थिति पैदा की जिनसे उनके निलंबन के अलावा आसन के पास दूसरा विकल्प न रहे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक्स पर लिखा भी कि वे पहली बार तख्ती लेकर बेल में गए और अपने निलंबन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। तो यह स्वयं को निलंबित कराने की ऐसी रणनीति थी जिसका दूसरा उदाहरण नहीं मिल सकता। निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र की शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि वाले आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। निलंबन पर गर्व महसूस करने और साथियों द्वारा महिमामंडित किए जाने का माहौल बनाया गया। विपक्ष की मांग थी कि सुरक्षा चूक पर गृह मंत्री बयान दें , जबकि लोकसभा अध्यक्ष ने स्वयं कहा कि संसद की सुरक्षा का दायित्व उनका है, इसलिए वे इस पर बयान देंगे। लोकसभा अध्यक्ष को बयान देने की स्थिति बनायी जानी चाहिए थी।

ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर सदन में चर्चा न की जा सके। किंतु इसके लिए दोनों पक्षों को अपने रुख में लचीलापन दिखाने की आवश्यकता थी। यह विषय सरकार की आक्रामक घेरेबंदी की बजाय सभी दलों के बीच विमर्श का था कि ऐसा क्यों हुआ और आगे इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। ऐसा क्यों हुआ? विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए लगभग अस्तित्वहीन हो गया था तथा कांग्रेस के अहंवादी व्यवहार से इसके कई घटक दलों में नाराजगी थी। कांग्रेस को लगा कि यही स्थिति है जिसमें फिर विपक्ष को भाजपा विरोध पर एकजुट किया जा सकता है। भाजपा विरोध के नाम पर संसद में विपक्षी एकजुटता सबसे आसान रास्ता था और रणनीति के तहत ऐसा व्यवहार किया गया। आज एक तरफ सरकार और दूसरी ओर आईएनडीआईए है। विपक्ष व्यवहार से अपना निलंबन कराने पर तुला हो तो सरकार के लिए विधेयक पारित कराना ज्यादा आसान हो जाता है। यही इस सत्र में हुआ। अंग्रेजों के समय का भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और अपराध न्याय प्रक्रिया को आमूल रूप से बदल दिया गया किंतु विपक्षी सदस्य इस पर चर्चा से वंचित रहे।

बेशक , संसद चलाने की जिम्मेवारी सरकार की ज्यादा है किंतु विपक्ष की भी है। मल्लिकार्जुन खरगे ने जंतर-मंतर धरना में कहा कि देश में बेरोजगारी की स्थिति है तथा बेरोजगारों में गुस्सा है। उन्होंने इन युवाओं के विरोध और निंदा की जगह कहा कि इन्होंने गलती की कि संसद में कूद गए। अगर यह छोटी गलती है तो सुरक्षा की बड़ी चूक कैसे हो गई? विपक्ष ने घटना को इस रूप में पेश किया कि देश की हालत अत्यंत खराब है, नरेंद्र मोदी सरकार में नौजवान बेरोजगारी से परेशान और आक्रोशित हैं, जिसे उन्होंने संसद में कूद कर प्रकट कर दिया। विपक्ष का यह सार्वजनिक रुख असंतुलित मानस के लोगों को इस तरह या सदृश दूसरी या इससे बड़ी घटनाओं के लिए प्रेरित करेगा। सरकार यह स्वीकार नहीं करेगी और न ही यह सच है कि मोदी सरकार के विरुद्ध जनता में व्यापक आक्रोश है। ऐसे में सरकार और विपक्ष के बीच रास्ता निकालने की कोई संभावना ही नहीं थी और हमारे लोकतंत्र की शीर्ष इकाई राजनीति का दुर्भाग्यपूर्ण शिकार हो गई।

## नजरिया

# भाजपा की जीत का मंत्र बनी मोदी की गारंटी

**दीपक कुमार त्यागी**

देश के पांच राज्यों में हाल ही में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पांच में से तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा ने राजस्थान व छत्तीसगढ़ राज्य कांग्रेस पार्टी से छीनकर के सरकार बनाने का कार्य किया है और मध्यप्रदेश राज्य को अपने पास बरकरार रखने कार्य बखूबी किया, वहीं तेलंगाना राज्य में भी भाजपा के वोट प्रतिशत में रिकार्ड वृद्धि हुई है। हालांकि इन तीनों राज्यों में मतदान से कुछ माह पूर्व तक आलम यह था कि वहां पर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती हुई नज़र आ रही थी। लेकिन चुनावी रणभूमि में जहां एक तरफ कांग्रेस पार्टी के चंद राजनेताओं ने जीती हुई बाजी को दिन-रात मेहनत करके पार्टी को हारने का काम बखूबी किया। वहीं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने समय रहते ही स्थिति को भांप करके पूरे चुनाव को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम के इर्द-गिर्द करते हुए मोदी की गारंटी के दम पर हारी-बाजी को जीत में बदलने का काम किया है। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही भाजपा में जबरदस्त जश्न का माहौल जारी है, वहीं देश के अन्य विपक्षी राजनीतिक दलों में बैठकों का दौर चल रहा है। लेकिन मुझे लगता नहीं यह सभी विपक्षी दल अभी भी विधानसभा चुनावों की हार का निष्पक्ष रूप से आंकलन करते हुए अपने-अपने गिरेबान में झांकने के लिए तैयार हैं, वह तो अभी भी अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ कर के अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने के मूड में नज़र आ रहे हैं। मोदी के विपक्ष में खड़े राजनीतिक दलों में से यह कोई भी दल समझने के लिए तैयार नहीं है कि अब उन्हें आत्ममंथन करने की जरूरत है। लेकिन वह आत्ममंथन की जगह ईवीएम को ढाल बनाकर उसके पीछे छिपने का कार्य कर रहे हैं।





**वैसे भी आज देश में एक ऐसा बड़ा वर्ग है जिनका मानना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत तेजी के साथ अत्याधुनिक मजबूत भारत की नींव रखते हुए बुलंद इमारत बनाने का कार्य बखूबी कर रहे हैं, जिसके चलते ही देश और विदेश के निवेशकों को अब भारत मैं व्यापार के नये-नये अवसर दिखाई दे रहे हैं, जिससे ही देश की आर्थिक ताकत तेजी बढ रही है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस आर्थिक ताकत के दम देश की अर्थव्यवस्था को फाइव ट्रिलियन डॉलर की बनाने में जुटे हुए हैं।**

वैसे देखा जाए तो प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के बहुत सारे ऐसे निर्णय हैं जोकि इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दर्ज हो गए हैं, जनता को भी मोदी के निर्णय बेहद पसंद आते हैं, क्योंकि नरेन्द्र मोदी ने लोगों के दशकों से इंतजार कर रहे बहुत सारे सपनों को अपने कार्यकाल में धरातल पर अमलीजामा पहना कर साकार करके दिखा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने फैसलों से देश की दुनिया में तस्वीर बदलने व भारत के आम व खास जनमानस की तकदीर को बदलने का काम बखूबी किया है। उन्होंने अभी तक देश में सड़कों, हाइवे व एक्सप्रेसवे का जाल बिछाना, देश की सीमाओं पर सड़कों का जाल बिछाना, सेना को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करना, देश के अलग-अलग हिस्सों में एम्स हॉस्पिटल का निर्माण करना, देश के हर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय स्तर का मजबूत करना, बंदरगाहों व रेलवे का कायाकल्प करना, देश को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए नये हवाई अड्डे बनाना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लोगों को बड़ी संख्या में घर उपलब्ध करवाना, जन-धन खाते खुलवाने, हर घर जल योजना, 'मेक इन इंडिया' अभियान की शुरुआत करना, स्वच्छ भारत अभियान चलाना, डिजिटल इंडिया की शुरुआत करना, देश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाना, काले धन पर अंकुश लगाने के लिए नोटबंदी लागू करना, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना, तीन तलाक विधेयक लाना, सीएए कानून लाना, जीएसटी लागू करना, कोरोना से बचाव के लिए देश में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाना, देश की बड़ी आबादी को मुफ्त राशन प्रदान करना, लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने वाली आयुष्मान भारत योजना धरातल पर लागू करना, रेहड़ी पटरी वालो के लिए पीएम स्वनिधि योजना लाना, स्टार्टअप इंडिया योजना के माध्यम से देश के युवाओं के सपनों को साकार करते हुए विकास को गति देना, अग्निपथ योजना, चंद्रमा के साउथ पोल पर चंद्रयान को भेजना, ऋ-20 सम्मेलन की मेज़बानी करना, विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना, महिला आरक्षण विधेयक आदि वह चंद ऐतिहासिक फैसले है जो कि हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज होकर के देश के एक बहुत बड़े वर्ग के लोगों के दिलो-दिमाग पर छा गये हैं। इन फैसलों के दम पर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज दुनिया में भारत की छवि मजबूत हुई है। जिसके चलते ही देश की जनता भी अब राष्ट्रहित में स्थिर, स्थायी और सेवाभाव से समर्पित सरकार के लिए जनादेश देना का कार्य कर रही है। लेकिन विपक्षी दल अब भी उत्तर-दक्षिण भारत का राग अलाप के नकारात्मक राजनीति करने में व्यस्त हैं। वहीं भाजपा में अबकी बार 400 पार सीट लाने की ठोस रणनीति बनाई जा रही हैं। वह मोदी की गारंटी व देश की बहुसंख्यक चार जाति गरीब, महिला, युवा और किसान की बात करके देश से जातिवादी राजनीति का सफाया करते हुए लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी बड़े पैमाने पर धरातल पर कर रही है।

वैसे भी आज देश में एक ऐसा बड़ा वर्ग है जिनका मानना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत तेजी के साथ अत्याधुनिक मजबूत भारत की नींव रखते हुए बुलंद इमारत बनाने का कार्य बखूबी कर रहे हैं, जिसके चलते ही देश और विदेश के निवेशकों को अब भारत मैं व्यापार के नये-नये अवसर दिखाई दे रहे हैं, जिससे ही देश की आर्थिक ताकत तेजी बढ रही है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस आर्थिक ताकत के दम देश की अर्थव्यवस्था को फाइव ट्रिलियन डॉलर की बनाने में जुटे हुए हैं, साथ ही मोदी अर्थव्यवस्था को केवल आंकड़ों तक सीमित ना रखकर के देशवासियों के रोजमर्रा के जीवन में धरातल पर आमूलचूल सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उपयोग कर रहे हैं, देश के आम जनमानस को उनके हितों के कार्य धरातल पर होते हुए नज़र आ रहे हैं, यही मोदी की गारंटी है और मोदी है तो मुमकिन है नारे का जनता की अदालत में वास्तविक अर्थ है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जनता का यह विश्वास ही भाजपा की जीत का मूल मंत्र है।

(साभार : प्रभा साक्षी)

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

उद्घाटन



सोमवार को हैदराबाद के एचआईसीसी में 25 से 27 दिसंबर तक शादी और नए साल के उत्सव के मौसम के लिए सूत्र प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद तस्वीरें खिंचवाती मॉडल।

# क्रिसमसः पोप फ्रांसिस ने विश्व शांति की अपील के दौरान हथियार उद्योग की कड़ी आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रोम।पोप फ्रांसिस ने सोमवार को क्रिसमस पर विश्व खासकर इजराइल-फलस्तीन के बीच शांति की अपील करते हुए हथियार उद्योग और इसके उन 'मौत के औजारों' की कड़ी आलोचना की जिसने युद्ध को बढ़ावा दिया है। सेंट पीटर्स बेसिलिका के लॉजिया से नीचे मौजूद लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए फ्रांसिस ने कहा कि उन्होंने सात अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइल के खिलाफ हमास के 'घृणित हमले' पर दुख व्यक्त किया और बंधकों की रिहाई का आह्वान किया। उन्होंने गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान और 'निर्दोष नागरिकों' की मौत के सिलसिले को समाप्त करने का अनुरोध किया और जरूरतमंद लोगों तक मानवीय सहायता पहुंचाने का आह्वान किया।

फ्रांसिस ने क्रिसमस दिवस के अपने आशीर्वाद को विश्व में शांति की अपील के प्रति समर्पित किया। उन्होंने कहा कि बेथलहम में ईसा मसीह के जन्म की कहानी शांति का संदेश देती है, लेकिन वही बेथलहम इस साल 'पीड़ा और मौन' का स्थान रहा।

उन्होंने खास तौर पर हथियार उद्योग की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हथियार उद्योग ने दुनियाभर में संघर्ष को बढ़ाया है, लेकिन शायद ही कोई इस पर ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा, ''इसके बारे में बात की जानी चाहिए और लिखा जाना चाहिए ताकि युद्ध को आगे बढ़ाने वालों के हितों और मुनाफे को प्रकाश में लाया जा सके। हम शांति की बात कैसे कर सकते हैं, जब हथियारों का उत्पादन, बिक्री और व्यापार बढ़ रहा है?''

पोप फ्रांसिस ने अक्सर हथियार उद्योग को 'मौत के सौदागर' के रूप में दोषी ठहराया है और कहा है कि आज युद्ध, विशेष रूप से यूक्रेन में युद्ध, का उपयोग नए हथियारों को आजमाने या पुराने भंडार का इस्तेमाल करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने इजराइल और फलस्तीन में शांति की अपील भी की।

# विदेश मंत्री एस. जयशंकर रूस पहुंचे

मास्को। विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर मॉस्को पहुंचे, इस दौरान वह अपने समकक्ष के साथ बातचीत करेंगे और विभिन्न द्विपक्षीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मॉस्को पहुंच गया हूं। अपनी बातचीत को लेकर आशान्वित हूं।'

'विदेश मंत्रालय ने रविवार को नयी दिल्ली में कहा, ''समय के साथ परखी गई भारत-रूस साझेदारी स्थिर और लचीली बनी हुई है और विशेष तथा विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी की भावना से रेखांकित है।'' जयशंकर रूस के उप प्रधानमंत्री तथा उद्योग और व्यापार मंत्री डेनिस मांतुरोव से मुलाकात करेंगे और आर्थिक साझेदारी से जुड़े मामलों पर उनसे चर्चा करेंगे।

## पाकिस्तान आम चुनाव

# हाफिज सईद की पार्टी पीएमएमएल ने उतारे उम्मीदवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लाहौर। मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के एक नए राजनीतिक संगठन ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए अधिकांश राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का संस्थापक सईद प्रतिबंधित जमात-उद-दावा (जेयूडी) से जुड़े आतंकी वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से कुछ अन्य नेताओं के साथ 2019 से ही जेल में है। सईद ने पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) नाम से एक अलग राजनीतिक दल बनाया है। पीएमएमएल का चुनाव चिन्ह 'कुर्सी' है। पीएमएमएल के अध्यक्ष खालिद मसूद सिंधु ने एक वीडियो संदेश में कहा कि उनकी पार्टी अधिकांश राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। खालिद मसूद सिंधु ने कहा, ''हम भ्रष्टाचार के लिए नहीं बल्कि लोगों की सेवा करने और पाकिस्तान को एक इस्लामिक कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए सत्ता में आना चाहते हैं। '' सिंधु एनए-130 लाहौर से उम्मीदवार है, जहां से पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी चुनाव लड़ रहे हैं। सईद का बेटा तल्हा सईद लाहौर की एनए-127 सीट से चुनाव लड़ रहा है। सिंधु ने सईद के संगठन के साथ अपनी पार्टी का संबंध होने से इनकार किया है।

वर्ष 2018 में मिल्ली मुस्लिम लीग (एमएमएल) जमात-उद-दावा का राजनीतिक चेहरा थी। इसने अधिकांश सीट पर विशेषकर पंजाब प्रांत में अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन वह एक भी सीट जीतने में सफल नहीं हुई थी। एमएमएल पर प्रतिबंध के कारण 2024 के चुनावों के लिए पीएमएमएल का गठन किया गया है।

# क्रिसमस की छुट्टियों के लिए हिमाचल प्रदेश में हजारों की भीड़ उमड़ी, अटल सुरंग पसंदीदा बनी

शिमला। क्रिसमस और नववर्ष के अवसर पर लंबे सप्ताहांत के दौरान हिमाचल प्रदेश में हजारों पर्यटक उमड़े और कुल्लू तथा लाहौल एवं स्पीति के साथ रोहतांग में अटल सुरंग सबसे अधिक पसंदीदा पर्यटन गंतव्य के रूप में शामिल हो गई। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, रविवार को 12,000 से अधिक वाहनों में अनुमानित 65,000 लोगों ने सुरंग को पार किया। 9.2 किलोमीटर लंबी अटल सुरंग 10,000 फुट से ऊंची, दुनिया की सबसे ऊंची 'सिंगल-ट्यूब' सुरंग है। शनिवार को रोहतांग में भारी बर्फबारी हुई जिससे पर्यटकों ने यहां का रुख किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा, ''लाखों की तादाद में इतनी बड़ी संख्या में आए पर्यटकों का हम स्वागत करते हैं।'' मॉनसून के मौसम में प्राकृतिक आपदा के बाद हिमाचल प्रदेश एक बार फिर पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। इस मॉनसून के मौसम में बारिश के दौरान दो बार हिमाचल प्रदेश के बड़े हिस्से में भारी नुकसान हुआ। भारी बारिश ने मंडी और कुल्लू जिलों में कहर बरपाया जिससे बड़े पैमाने पर तबाही हुई। अगस्त में दूसरे दौर की बारिश में शिमला और सोलन जिले प्रभावित हुए तथा राजधानी शिमला को भी भारी क्षति हुई। सुक्खू ने बड़ी संख्या में पर्यटकों की आमद को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने और बर्फ में फंसे, खासकर सुरंग के उत्तर और दक्षिण पोर्टल में लोगों की मदद करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस के प्रयासों की भी सराहना की।

# पाकिस्तान : पुलिस ने गिरफ्तार किए गए 290 बलूच कार्यकर्ताओं को रिहा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी पुलिस ने सोमवार को 290 बलूच कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया, जिन्हें पिछले हफ्ते राजधानी इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश के दौरान गिरफ्तार किया गया था। उनकी रिहाई, अधिकारियों को हिरासत में लिए गए सभी लोगों को रिहा करने की समय सीमा देने के कुछ दिनों बाद हुई। कार्यकर्ता उग्रवाद से प्रभावित दक्षिण पश्चिम प्रांत में जबरन गायब किए जाने और न्यायेतर हत्याओं का विरोध करने के लिए बृहस्पतिवार को बलूचिस्तान प्रांत के एक शहर तुरबत से 1,600 किलोमीटर की यात्रा कर यहां पहुंचे थे। प्रदर्शनकारियों में अधिकतर महिलाएं थीं और कुछ लोग अपने सात से 12 साल के बच्चों को भी साथ लाए थे। सुरक्षा बलों ने उन्हें तितर-बितर करने और गिरफ्तार करने के लिए उन पर लाठियां भांजीं और पानी की बौछार की। वे 24 वर्षीय बालाच मोला बख्श के मामले पर ध्यान आकर्षित करना चाहते थे, जिनकी नवंबर में बलूचिस्तान में पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। अधिकारियों ने कहा कि उग्रवादियों द्वारा उन्हें ले जा रहे पुलिस वाहन पर घात लगाकर हमला करने के बाद उनकी मौत हो गई।



# 'वन्स अपॉन ए ट्रिप टू दुबई' के जरिए दुबई की सैर कराएंगे अनिल कपूर

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने हाल ही में अपना 67वां जन्मदिन मनाया है, वह अब एक ट्रैवल शो 'वन्स अपॉन ए ट्रिप टू दुबई' लेकर आ रहे है। जिसमें मनीष पॉल उनका साथ देंगे। इस शो के जरिए वह लोगों को दुबई का सौंदर्य आकर्षण दिखाएंगे। शो के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, वन्स अपॉन ए ट्रिप टू दुबई पर काम करना दुबई के अविश्वसनीय शहर और मेरे भीतर दोनों को फिर से खोजने की यात्रा रही है। एक प्रोजेक्ट से अधिक यह दिल की यात्रा थी। जब भी मैंने दुबई की यात्रा की है तो मुझे न केवल कहानियों का सामना करना पड़ा है बल्कि मैंने हर कोने में अपने बारे में भी कुछ अंश खोजे हैं।

उन्होंने आगे उल्लेख किया, इस अनुभव में एक कच्ची और वास्तविक गुणवत्ता है, जो स्क्रिप्टेड भूमिकाओं से बहुत अलग है, जिनका मैं आदी हूं। यह वास्तविक संबंध बनाने, हंसी को गले लगाने और रास्ते में आने वाले अप्रत्याशित आश्चर्यों के बारे में है। इस शो ने विशेष रूप से मुझे दुबई को आश्चर्य और प्रामाणिकता की भावना के साथ देखने में मदद की। मेरी आशा है कि यह हमारे दर्शकों को दुबई की सुंदरता और वास्तविक जीवन के रोमांच में निहित जादू की सराहना करने के लिए प्रेरित करेगा, जो मैंने मनीष के साथ साझा किया था।

शो का निर्देशन सत्यजीत कदम ने किया है। दुबई के सुरम्य परिदृश्य उनकी रोड ट्रिप के लिए एकदम सही पृष्ठभूमि के रूप में काम करते हैं। मनीष पॉल ने कहा, वन्स अपॉन ए ट्रिप टू दुबई एक साहसिक यात्रा थी, जिसमें दुबई के अज्ञात आश्चर्यों के साथ यात्रा करने का मेरा प्यार मिश्रित था। इस शानदार शहर में प्रत्येक दिन एक नया रोमांच था, जो आश्चर्य और आनंद की एक नई भावना को उजागर करता था। उन्होंने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि हमारे दर्शकों को इस यात्रा शो को देखने में उतना ही आनंद और आश्चर्य मिलेगा, जितना मुझे इसे बनाने में मिला था।



भुवनेश्वर में क्रिसमस के अवसर पर सोमवार को कैथोलिक चर्च में बेबी जीसस की मूर्ति को चूमते ईसाई श्रद्धालु।



# राहा के साथ पहली बार सामने आए रणबीर कपूर, आलिया भट्ट

मुंबई/भाषा

अभिनेता रणबीर कपूर और आलिया भट्ट सोमवार को क्रिसमस के मौके पर पहली बार अपने बेटी राहा कपूर को लेकर लोगों के सामने आए। रणबीर (41) और आलिया (30) अपनी 13 महीने की बेटी राहा के साथ कपूर परिवार की क्रिसमस पार्टी के लिए सोमवार अपराह्न यहां पहुंचे। छह नवंबर को एक साल की हुई राहा ने सफेद और गुलाबी रंग की फ्रॉक और लाल रंग के जूते पहने हुए थे। रणबीर ने राहा को गोद में लिया हुआ था और आलिया उनके बाईं ओर खड़ी हुई थीं।

पिछले महीने आलिया ने राहा को सोशल मीडिया से दूर रखने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। आलिया ने एक कार्यक्रम में कहा था, 'मैं ऐसा नहीं दिखाना चाहती जैसे मैं अपनी बेटी को छिपा कर रख रही हूं। मुझे उस पर गर्व है। अगर अभी कैमरे चालू नहीं होते तो मैं स्क्रीन पर उसकी एक बड़ी सी तस्वीर लगाती। मैं उससे प्यार करती हूं। मुझे हमारे बच्चे पर गर्व है। लेकिन हम अभी-अभी माता-पिता बने हैं। हमें नहीं पता कि अगर उसकी तस्वीरें इंटरनेट पर फैल गईं तो हमें कैसा महसूस होगा, वह अभी सिर्फ एक साल की है।'



# फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है।

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है।ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है। दीपिका पादुकोण ने फाइटर के लिए अपना उत्साह दिखाते हुए लिखा, एक महीना बाकी है! फाइटर को एक्पीरियंस करें केवल 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में। फाइटरऑन25जनवरी।

# वैश्विक स्तर पर 300 करोड़ के पार हुई सलार


मुंबई/एजेन्सी

साल 2023 जाते-जाते प्रभास के लिए काफी बेहतरीन साबित हो गया है। इस साल उनकी दो फिल्में रिलीज हुईं, जिसमें एक 'आदिपुरुष' बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई थी। इसके बाद मेकर्स से लेकर क्रिटिक्स और उनके फैंस तक की नजर प्रभास की 'सलार' पर थी। फिल्म को 22 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया और इसने बवाल काट दिया। रिलीज के तीन दिन हो चुके हैं और फिल्म वैश्विक स्तर पर ट्रिपल सेंचुरी मारने में कामयाब रही है। तीसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का जलवा बरकरार है। आइए डालते हैं एक नजर सलार के कारोबार पर



प्रभास की 'सलार' को 22 दिसंबर को हिंदी समेत तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया गया। इसने ओपनिंग डे पर ओवरसीज 178.7 करोड़ का बिजनेस किया था, जिसके साथ ही ये साल 2023 की सबसे बड़ी भारतीय ओपनर बन गई। दूसरे दिन यानी कि शनिवार को भी फिल्म ने जबरदस्त कमाई की। इसका दूसरे दिन वर्ल्डवाइड कलेक्शन 295.7 करोड़ रहा। इसके बाद अब तीसरे दिन यानी कि रविवार को प्रभास की एक्शन फिल्म 300 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर गई। अब ताजा आंकड़ों की मानें तो ये 400 करोड़ के क्लब में एंट्री के लिए तैयार है। इस आंकड़े से महज कुछ ही कदम पीछे है। ट्रेड रिपोर्ट्स की मानें तो 'सलार' ने रविवार को दुनियाभर में 325 करोड़ का कलेक्शन किया है। वहीं, चौथे दिन यानी कि सोमवार को लेकर कहा जा रहा है कि क्रिसमस की छुट्टी का फिल्म को पूरा फायदा मिलेगा, जिसके बाद ये चार दिन में ही 400 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर सकती है। अगर, 'सलार' के घरेलू बॉक्स ऑफिस की बात की जाए तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने रविवार यानी कि तीसरे दिन करीब 61 करोड़ का कलेक्शन किया है, जिसके बाद इसका इंडिया कलेक्शन 208.05 करोड़ पहुंच गया है। इसके बाकी दो दिनों के कलेक्शन की बात की जाए तो फिल्म ने पहले दिन भारत में 90.7 करोड़ और शनिवार दूसरे दिन 56.35 करोड़ का बिजनेस किया था। प्रभास की 'सलार' का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। उन्होंने इसके पहले 'केजीएफ' जैसी फिल्म का निर्देशन किया था और बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ का बिजनेस किया था। वहीं, 'सलार' की स्टारकास्ट की बात की जाए तो इसमें प्रभास के अलावा श्रुति हासन, पृथ्वीराज सुकुमारन, जगपति बाबू और टीनू आनंद जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# फिर से आ रही हैं लोगों के दिलों पर राज करने स्वाति शर्मा 'रंग पंजाब दे से'



मुंबई/एजेन्सी

स्वैगर वाली गायिका स्वाति शर्मा एक बार फिर से सबके दिलों पर राज करने वाली हैं। अब तक उन्होंने जितने भी गानों को अपनी आवाज़ दी है, उनकी मख़मली और मधुर आवाज़ के मुरीद सभी हुए बग़ैर रह नहीं पाये हैं । और ऐसा हो भी क्यों ना जब भी वह किसी गाने को गाती हैं, बड़ी शिद्दत से वह पूरी अंतरात्मा से उस गाने को अपने सुर से संवार देती हैं। उनकी प्रतिभा और उनका जज़्बा उनके हर गाने में झलकता है, फिर चाहे वह किसी भी भाषा में हो ।

बहुत ही कम समय में जिस तरह से स्वाति ने अपनी पहचान बनाई है म्यूज़िक इंडस्ट्री में, वो काबिल ए तारीफ़ है। और एक बार फिर से वह लोगों के दिलों पर राज करने जा रही हैं अपनी मेलोडियस आवाज़ से टेलीविजन के एक नये म्यूज़िकल शो रंग पंजाब दे से ।

इसी शो में अपने परफ़ॉर्मेंस के दौरान इन्होंने अपने म्यूज़िकल सफ़र के बारे में बताया और पुरानी यादों को साझा भी किया। उन्होंने इस दौरान शेयर किया कि किस तरह से उनकी शुरुआत जाने माने म्यूज़िक कंपोज़र तनिष्क बागची के साथ हुआ था और कैसे उनके साथ जुड़ कर उन्हें काम करने का मौक़ा मिला। यह उनके लिए किसी संयोग से कम नहीं था जिनकी वजह से उन्हें बन्नो तेरा स्वैगर का हिस्सा बनने का मौक़ा मिला । बन्नो तेरा स्वैगर का हिस्सा बनने का मौक़ा उन्हें कैसे मिला और इस गाने ने कैसे उनकी साधारण म्यूज़िक करियर को एक नया आयाम दे दिया था और कैसे उन्हें फिर पीछे मुड़ कर देखने की ज़रूरत भी नहीं हुई इसके बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। इस गाने ने रातों रात चार्टबस्टर में जगह बना ली थी और स्वाति को रातों रात सिंगिंग सेंसेशन भी ।

यह गाना बौलीवुड की सुपरहिट फ़िल्म तनु वेड्स मनु रिटर्न्स का हिस्सा था और इस गाने को तनिष्क बागची और वायु ने कंपोज़ किया था जो कि अपने ख़ास क़िस्म के कंपोज़िशन के लिए जाने जाते हैं । इस गाने को वायु ने ही लिखा भी था और इसे अपनी आवाज़ से बेहद उम्दा और जोशीले अन्दाज़ में अपनी आवाज़ से स्वाति ने ही संवारा था।

बन्नो तेरा स्वैगर जैसे हिट गाने के अलावा भी स्वाति शर्मा ने और भी कई लोकप्रिय और हिट गाने गाये हैं और कई भाषाओं में गाए हैं।उनके लोकप्रिय गानों की फ़ेहरिस्त की बात करें तो तीतर बितर, रेल गड्डी और तुम जो गये का फ़ीमेल वर्जन भी गाया है । यह स्वाति शर्मा की आवाज़ का ही जादू है कि उनकी आवाज़ को केवल अपने देश में ही नहीं, सरहद पार पाकिस्तान में भी लोकप्रियता और सराहना मिली है और उनके गानों को विश्व स्तर पर पहचान मिली है । ऐसे में वाक़ई स्वाति शर्मा रंग पंजाब दे में अपनी आवाज़ से स्क्रीन पर जादू बिखेर रही हैं। यह जादू कुछ वैसा ही है जैसे जब अवसर और टैलेंट दोनों एक साथ जुड़ते हैं । ग़ौरतलब है कि यह भी दिलचस्प बात है कि स्वाति शर्मा पहली और एकमात्र सिंगर हैं जो भारत से हैं और जिन्हें दुनिया के सबसे चहेते डेस्टिनेशन एफ़िल टॉवर पर गाने का मौक़ा मिला है। इससे यह साफ़ ज़ाहिर है कि आगे भी म्यूज़िक लवर्स के दिलों पर राज करेंगी। अपनी मख़मली और मेलोडियस वॉइस से आगे भी अपना जादू बिखेरेंगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

स्थानीय दादी धाम प्रचार समिति के तत्वावधान में रविवार को दादीजी की विशाल भजन संध्या एवं वार्षिकोत्सव आयोजित गई जिसमें दोपहर 3 बजे से आरआर नगर स्थित तेरापंथ भवन में समिति के अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल, सचिव संजय चौधरी ने सपत्नीक सहित अन्य पदाधिकारियों ने दादी की विशेष पूजा कर ज्योत प्रज्वलित की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**सम्मान**

बेंगलूरु के जय क्रांति युवा सेना के मदन मालवीय, अध्यक्ष विनोद चौहान, मूलसिंह राजपुरोहित,राजेश चौपड़ा, प्रकाश सैन आदि ने कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के नए अध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी, उपाध्यक्ष महावीरचन्द मेहता का सम्मान किया। युवा सेना के पदाधिकारियों ने खुशी जताई की उनकी संस्था के सदस्य किया जैसी संस्था के उच्च पद पर आसीन हुए है।

## जीवन सुधारने के लिए एक शब्द ही काफी, नहीं तो उपदेश भी व्यर्थः साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली। शहर के श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि सुधरना चाहे तो एक शब्द काफी है। नहीं सुधरना चाहे तो उपदेश भी व्यर्थ होता है। हमारे लिए जीवन में परनिंदा करना बहुत सहज व सरल है लेकिन अपनी निंदा यानि आत्मालोचना के लिए कहें तो बहुत मुश्किल होगा।

दूसरी की कमियां देखना जितना आसान होता है उतना ही कठिन होता है अपनी खामियों को देखना। अर्न्तमन की साधना किए बिना व्यक्ति अपनी खामियों को नहीं तलाश पाता है ओर वह दूसरी की निंदा में लगा रहता है।

हमें दूसरों की निंदा में समय व्यर्थ करने की बताए आत्मचिंतन कर अपने दोष दूर करने ओर गुणों में वृद्धि करते रहने का प्रयास करना चाहिए। साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन एवं सम्यक चरित्र की आराधना करने वालों के लिए धर्म उत्कृष्ट होता है। ऐसी साधना करने वाले साधकों का हमेशा जिनशासन में नाम होता है।

सम्यक दर्शन होने पर व्यक्ति के पास उत्कृष्ट ज्ञान हो जाता है। इससे उसका सम्यक चरित्र भी उत्तम हो जाता है। इन सम्यक त्रिरत्नों की साधना करने वालों का जीवन सफल एवं सार्थक हो जाता है। पारस भंसाली ने बताया कि साध्वीवृंदों की मंगलवार को मोमाया विहार धाम में स्थिरता रहेगी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**सम्मान**

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित 42वें राष्ट्रीय सभा सह लघु अधिवेशन बीकानेर में मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु स्टार्स शाखा को देश भर के 830 से अधिक शाखा के बीच मूल्यांकन करके एक बार फिर वर्ष2022-23 के लिए सर्वश्रेष्ठ शाखा चुना गया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ शाखा मंत्री राष्ट्रीय पुरस्कार बेंगलूरु स्टार्स के राहुल गोयनका को दिया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




**धम्म जागरण**

तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यों ने भिक्षु तेरस के अवसर पर तेरापंथ भवन में भिक्षु धम्म जागरण का आयोजन किया। तेयुप परामर्शक प्रकाश गांधी, प्रवीण बोहरा आदि श्रावक श्राविकाओं ने भजनों के माध्यम से आचार्य भिक्षु को भावांजलि अर्पित की। इस मौके पर तेयुप के अध्यक्ष देवीलाल गांधी, सभा ट्रस्ट परिवार, युवक परिषद, महिला मंडल, ज्ञानशाला के बच्चों, आभार मंत्री दिलीप पितलिया आदि उपस्थित थे।

## विवेक बने राष्ट्रीय संगठन मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु/सरदारपुरा। चुरु राजस्थान के मूल निवासी विवेक भोजक को मानव समाज के प्रति आपकी जनसेवा की भावना व बेहतर कार्य को देखते हुए यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ तरुण बांकोलिया ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री पद पर नियुक्त किया है। भोजक को वर्तमान में सहायक प्रोफेसर के पद पर है ने अपनी नियुक्ति के लिए पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। ज्ञातव्य है कि विवेक भोजक बेंगलूरु में कार्यरत विकास शर्मा (फोटोग्राफर )के अनुज हैं।

## क्रिसमस मनाते समय राष्ट्र की रक्षा में बलिदान दे रहे सैनिकों को न भूलें : सीजेआई चंद्रचूड़

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि क्रिसमस मनाते समय हमें अपने सशस्त्र बलों के उन जवानों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए जो सीमा पर देश की रक्षा के लिए अपनी जान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह के जीवन का संदेश दूसरों की भलाई के लिए बलिदान देना था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हम सबकुछ त्याग देंगे, भले ही यह हमारे जीवन की बात हो, जैसा कि हमारे सशस्त्र बलों में बहुत से लोग राष्ट्र की सेवा में करते हैं। हमने दो दिन पहले सशस्त्र बलों के अपने चार सदस्यों को खो दिया है।'' जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में हाल में चार सैनिकों की शहादत का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, ''इसलिए, जब हम क्रिसमस मना रहे हैं, तो उन लोगों के बारे में न भूलें जो सीमाओं पर हैं... जो हमारे देश की रक्षा के लिए अपनी जान दे रहे हैं। जब हम जश्न में गाएं, तो उनके लिए भी गाएं।'









# दादी के वार्षिकोत्सव व भजन संध्या में गूंजी भक्ति की बयार

## चुनड़ी व गजरा उत्सव में श्रद्धा से झूमे श्रद्धालु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय दादी धाम प्रचार समिति के तत्वावधान में रविवार को दादीजी की विशाल भजन संध्या एवं वार्षिकोत्सव आयोजित गई जिसमें दोपहर 3 बजे से आरआर नगर स्थित तेरापंथ भवन में समिति के अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल, सचिव संजय चौधरी ने सपत्नीक सहित अन्य पदाधिकारियों ने दादी की विशेष पूजा कर ज्योत प्रज्वलित की। तत्पश्चात बच्चों द्वारा सामूहिक गणेश वंदना कर के भजन संध्या की शुरुआत की गई। स्थानीय गायकों ने भजन संध्या की शुरुआत की। विशेषकर रामसुन्दर बगड़िया, किशन बगड़िया, सिद्धार्थ नोपानी, अलका खेडवाल, वंदना तुलस्यान, मनीषा अग्रवाल अदि ने भजन प्रस्तुत किए। कोलकाता के गायक अरविंद सहल के ने गणेश वंदना के साथ अपनी प्रस्तुति प्रारंभ की तो पूरा सभागार में जय दादी की के जयकारें गूंजने लगे। गायक अरविंद सहल ने भजनों की प्रस्तुति देते हुए 'कितना प्यारा है श्रृंगार, नजर ना लग जाये ...., प्यारा सज़ा है दरबार झुंझनू वाली का.. ' भजनों की प्रस्तुति से पूरे माहौल को दादीमय बना दिया। गायिका निकिता शर्मा ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों से समां बांधा तथा उपस्थित जनों को नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में सबसे आकर्षण का केन्द्र रहा चुन्दड़ी व गजरा उत्सव जिसमें पुरुष महिला श्रद्धालुओं ने हाथों में चुन्दड़ी व गजरा लेकर दादी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। इसके अलावा मेहन्दी, छप्पन भोग भी अर्पण किया गया। लोगों ने नाच-गाकर दादीजी को रिझाया तथा दादीजी को चुन्दड़ी व गजरा अर्पण किया गया।

कार्यक्रम में समिति की ओर से सभी अतिथियों व गायकों का सम्मान किया गया। अनूप अग्रवाल, संजय नोपानी, संजय चौधरी के निर्देशन में कोलकाता के कारीगरों द्वारा दादीजी का विशेष व मनोरम दरबार सजाया। दादी परिवार के बच्चों व महिलाओं द्वारा जया चौधरी के निर्देशन में नृत्य नाटिका व झांकी की प्रस्तुति दी गई। भक्तों की अपार भीड़ कतारबद्ध खड़े होकर दादीजी की झांकी के दर्शन किये। इस अवसर पर शंकर सुल्तानिया, प्रकाश चौधरी, संजय कयाल, अमित मोदी, संजय जाजोदिया, गंगाधर मोर, अनूप अग्रवाल, आलोक सराफ, महेश अग्रवाल, संजय बजाज , संजय नोपानी सहित ओम राठी, देव कोठारी, प्रभात किशनपुरिया सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर हाजरी लगाई। अंत में अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।




## अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की यात्रा है जैन अणुप्पेहा ध्यान : समणी सुयशनिधि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जयगच्छीय सन्त डॉ. पदमचन्द्रजी म.सा. द्वारा प्रतिपादित जैन अणुप्पेहा ध्यान योग साधना पद्धति को जन-जन तक पहुँचाने हेतु जेपीपी जैन समणी सेन्टर के प्रांगण में जयगच्छीय समणी डॉ. सुयशनिधिजी एवं सुयोगनिधिजी के सान्निध्य में त्रिदिवसीय तनाव मुक्ति हेतु जैन अणुप्पेहा ध्यान योग साधना शिविर के आखिरी दिन समणी डॉ. सुयशनिधिजी ने कहा कि जैन दर्शन में ध्यान साधना का अत्यंत महत्व है और आत्मा की उन्नति के लिए यह प्रमुख साधन है। आत्मा में अनन्त ज्ञान गुण आदि हैं, परन्तु कर्म से आवृत्त है। ध्यान साधना से कर्मों को अनावृत्त किया जा सकता है जिससे आत्मा अपने निज स्वभाव में रमण करना प्रारम्भ करती हैं। जैन अणुप्पेहा ध्यान-योग साधना से मनुष्य अंधकार से प्रकाश की ओर आगे बढ़ सकता है।

डॉ. समणी ने ध्यान साधना द्वारा सैकडों श्रावक-श्राविकाओं को अपने अवचेतन मन को जागृत करने में मार्गदर्शन दिया। सभी साधक भीतर की अन्तर मात्रा में गोते लगाते हुए अपार आनन्द का अनुभव कर रहे थे।

शिविर समापन के दौरान साधकों ने अपनी अनुभूतियों को प्रस्तुत करते हुए शिविर आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की। सभी साधकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। समाज के दानवीरों ने हर दिन अपनी अपनी ओर से अनेक सामग्री वितरित की।




## सीरवी समाज अटबड़ा का वार्षिक स्नेह मिलन सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सीरवी समाज अटबड़ा कर्नाटक ने 12वां वार्षिक स्नेह मिलन सोमवार को नेलमंगला रोड स्थित भिक्षु धाम में मनाया गया। सर्वप्रथम आईमाताजी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व आरती के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभा में ज्ञानाराम सातपुरा ने लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जगदीश पंवार ने कहा कि अटबड़ा गांव में सवा तीन बीगा भूंखड खरीदा गया है जिसमें निर्माण के लिए उपस्थित जनों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर महिलाओं ने पारम्परिक वेषभूषा में राजस्थानी गीतों पर घूमर नृत्य पेश किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में जगदीश पंवार, बाबूलाल चोयल, राजेंद्रप्रसाद डी, ज्ञानाराम सातपुरा, विजयराज चोयल, जयराम मुलेवा, नेमाराम सोलंकी, तेजाराम परिहारिया, रामलाल बर्फा, मोतीलाल सोलंकी, बाबूलाल सातपुरा सहित समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

**देवी पूजा**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के जय कर्नाटक संघ विजयानंदेश्वरनगर द्वारा जय कर्नाटक जात्रा महोत्सव का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर देवी मां के दर्शन किए। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने होंणलामा देवी, अण्णामा देवी एवं सर्कल मारम्मादेवी की विशेष पूजा अर्चना कर बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की। संघ की ओर से मुणोत का सम्मान किया गया।



## सायला में आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 502 लोग हुए लाभान्वित

### चम्पालाल भंडारी परिवार की ओर से आयोजित किया गया शिविर

बेंगलूरु/सायला/दक्षिण भारत। संघवी सुमटीबाई भबूतमल भंडारी के 101 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सायला(राजस्थान) के बागोड़ा रोड स्थित सुमटीबाई भबूतमल भंडारी सार्वजनिक धर्मशाला में भंडारी परिवार व जिला अंधता निवारण समिति जालोर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ नरपत सोलंकी व आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल की टीम जरुरतमंदों की आंखों की बीमारियां जैसे मोतियाबिंद, कालापनी, आंखों में मांस बढ़ना आदि की जांच की। शिविर में 502 लोगों की आंखों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार आंखों की लेंस युक्त निशुल्क शल्य चिकित्सा हेतु 79 लोगों को जालोर स्थित आदिनाथ फतेह ग्लोबल ऑई हॉस्पिटल भेजा गया। इस शिविर के लाभार्थी बेंगलूरु के पक्षाल कार्पोरेशन के चम्पालाल भंडारी ने डाक्टरों व अतिथियों का सम्मान किया।



Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com